Originally the book is a doctoral dissertation presented to the Banaras Hindu University by the author in 1952 for earning his Ph. D. Undergoing a revision the thesis was published in 1954 for the second time indicating its reception and popularity among the reading public. The present book is only an abridged form of the original thesis and has been published for the third time in 1968 showing thereby a great demand of the valuable treatise in the educated circle.

Completed in eleven chapters and covering a wide length of more than 300 pages the book is a serious attempt on a thorough study of a sysetem of education that has been India's cherished heritage from the past and a valuable legacy that can shape the modern face of the country. Presented as a comparative study in education, at least in aims and visions of the two worlds–the East and the West–the scholar author in the first two chapters probes into the purposes of education–a most vital question to begin with; and quite comprehensibly the aims of the Occident and the Orient, precisely of the Hindus, have been highlighted on all sides. Chapters III through VII (pp.68-pp.176), the main body of the book, are entirely devoted to the study of the Gurukula System with the discussion of the origin and definition of the System and covering a wide range of the Content, the Method, the Guru-Shishya relationship, and most importantly, the Psychological Basis, of this ancient system of education.

All this has been done with a searching eye of a trained hisrtorian together with a larger vision of a modern scientific mind that never loses sight of the pragmatic application of the problem in the modern context. With a total crisis in the educational world of the contry as also outside the country the author's plea for the revival of the ancient system with modifications in the modern times is much meaningful and noteworthy. This is, more or less, a challenge for the so-called modern academies who visualize the future India on the Western pattern of the Techno-Benthamite structure of society, which will be only suicidal for the Indian spirit.

The rest of the four chapters dealing with the Educational Institutions in Ancient

India, Application of the Gurukula System to Modern Conditions, the Gurukula of the Future and our National Heritage, are useful and informative. However, the book, a doctoral dissertation as it originally is, has its limitations. For one thing, much labour has been unduly put in for the collection of scattered quotations from the Western and the Eastern scholars—an Indian research scholar's usual weakness—without creating a palpably coherent image of the issue. One feels a slight lack in the pointed and pragmatic approach of the author towards the problem of the application of the Ancient System in the Modern times. Particularly, the role of the Gurukula System in the vast realm of the present technological education has been connived at, and without which any philosophy of education today remains only lop-sided and ethereal. And, then, one very much wishes the book, important and useful as it is, could have been given a better face, a better look, and certainly a beettr print. The long list of errata is really irritating, and it is sincerely hoped the next edition of the book comes out with a pleasing look and with lesser faults.

June 7, 1973

Review : **S. S. BHAGAT**
Reader & Head Department of English,
Gurukula Kangri University.

MASSAGE OF THE FOUR VEDAS

लेखक — ली. बिशनदयाल । प्रकाशक : ओरियन्ट लांगमैन, सी ३।७ आसफअली रोड, नई दिल्ली—१। पृष्ठसंख्या ८० । साइज १८—२२।८ डिमाई । मूल्य सात रुपये पचास पैसे । भाषा अंग्रेजी ।

प्रस्तुत पुस्तक की कई विशेषतायें हैं व ८० पृष्ठों में ३४६ वेदमन्त्रों का अनुवाद देना भी एक विशेषता है ।

चारों वेदों से विषयानुक्रम द्वारा मंत्रों का चयन करना पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता है । लेखक ने मन्त्रों का ५० विषयों के शीर्षकों में वर्गीकरण किया है । सामान्यतया यह विभाजन सन्तोषप्रद है । वैदिक मन्त्रों के भावार्थ समझने में इस शैली से सहायता मिलेगी मन्त्रार्थ सुबोध, सरल भाषा में किया गया है । अतः सामान्य पाठक के लिए यह उपयोगी है ।

किन्तु अनेक स्थलों पर मंत्रार्थ में त्रुटि रह गयी है । उदाहरण के लिए—

'कुर्वन्नेवेह कर्माणि०' मन्त्र के एवं त्वयिनान्यथेतोऽस्ति' पद का अर्थ किया गया है — Now way is here for thee but this. इसी तरह 'आयुर्यज्ञेन कल्पताम् । प्राणो यज्ञेन कल्पताम्'—मन्त्र का अर्थ करते हुए लेखक ने यज्ञ का अनुवाद सब स्थलों पर Sacrifice कर दिया है ।

यह सच है कि अंग्रेजी भाषा में यज्ञ का पर्यायवाची कोई भी शब्द पूर्णतः भावार्थ द्योतक नहीं हो सकता किन्तु प्रसंगानुसार अनुवाद में भिन्न शब्दों का प्रयोग तो संभव था । किन्तु यह कार्य कुछ क्लिष्ट और प्रयत्नसाध्य था । लेखक ने इतना क्लेश उठाना आवश्यक न समझा ।

अनुवाद की भूल का एक और उदाहरण देते हैं । अथर्ववेद ३०३०२ का प्रसिद्ध मंत्र है—

अनुव्रतः पितुः पुत्रो माता भवतु संमना ।।

इसका अर्थ करते हुए अनुवादक ने अनुव्रतः का अर्थ किया है Submissive । इस अंग्रेजी शब्द

का वास्तविक अर्थ है 'दब्बू ।' किन्तु अनुव्रतः का अर्थ दब्बू कदापि नहीं होगा 'आज्ञाकारी' या Obedient अर्थ अधिक श्रेष्ठतर होता ।

पुस्तक में सबसे अखरने वाली बात यह है कि संहिता के मूल मन्त्र बिल्कुल नहीं दिये गये । इससे अर्थों की प्रामाणिकता पर सन्देह भी किया जा सकता है ।

कुछ त्रुटियां दिखाने का अभिप्राय यह कदापि नहीं कि लेखक का प्रयत्न । सराहनीय नहीं । प्रामाणिक वैदिक शब्दकोश के अभाव में कोई भी लेखक पूर्णतःप्रामाणिक अर्थ कभी नहीं कर पायेगा । वैदिक वाङ्मय इतना रहस्यमय और अनेकार्थवादी भी है कि एकमन्त्र के अनेक भाष्य होना अस्वाभाविक नहीं ।

इतनी कठिनाइयों की विद्यमानता में लेखक ने अंग्रेजी में जो भाषान्तर किया है वह अत्यन्त सराहनीय और युक्तिसंगत है ।

बहु देवतावाद की भ्रामक भंवरों से बच कर लेखक ने सब देवताओं के ईश्वरपरक अर्थ को ही अपने भाष्य का आधार माना है -- इससे अर्थों में सरलता आ गयी है । जन सामान्य के लिए उपयोगी हो गया है ।

हमारा सुझाव है कि पुस्तक के अगले संस्करण में मूल मंत्र अवश्य दे दिये जायें -- भले ही उन्हें पृथक् परिशिष्ट में सम्मिलित कर लिया जाये ।

--सत्यकाम विद्यालंकार ।

गुरुकुल कांगड़ी में प्रवेश

सांसारिक समन्वय की सम्बल संस्कृत

श्री शोमनाथ पाठक एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत)

आज अणु की आकुलता में घुट रही मानवता को उबारने के लिए सांसारिक समन्वयात्मक सम्बल की अपरिमित थाती संजोये संस्कृत की उपादेयता अक्षुण्ण है। भले ही हम भौतिक उत्कर्ष की नित नवीनतम उपलब्धियों पर इतराये व प्रगति का दम्भ भरें, किंतु तथ्यतः अपने अंतस को थहायें तो स्पष्ट होगा कि प्रत्येक प्राणी विखराव की ओर उन्मुख है। वैज्ञानिक सम्पन्नता के बावजूद भी मानव मानवीय विफलता से त्रस्त एक अजीब सी टीस, कचोट व मृगमरीचिका में भटक सा गया है। संसार को संवारने वाली भारतीय संस्कृति की यह ध्वनि क्या प्रत्येक अंतस में स्पंदित है।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद् दुःखभाग् भवेत्॥

विश्व को वरदान स्वरूप संवारने वाली यह थाती देवभाषा संस्कृत से ही छलकती है। वास्तव में यदि देखा जाय तो शांति की स्रोतस्विनी संस्कृत संसार की समृद्धतम गरिमामयी भाषा है जिसका बखान पाश्चात्य मनीषी भी करते करते नहीं अघाते। तो देखिये जरा इस्टइंडिया कंपनी के प्रथम जज सर विलियम जोन्स की श्रद्धा का उफान 'Sanskrit Language is of a wonderful Structur, more perfect than Greek, more copious than Latin, and more exquisitely refind than either' (William Jones)

(Asiatic Researches Vol I Page422)

ज्ञान-विज्ञान की अपरिमित राशि संजोये संस्कृत की समृद्धिमय गरिमा को आंकना आसान नहीं है, जिसकी बहुविकासात्मक थाती को थामे अखिल विश्व गौरवान्वित है। संसार में कौन सा देश ऐसा है जहां संस्कृत की सुधामय धारा न पहुंची हो। अखिल विश्व संस्कृत के सुधापान से तृप्ति का ऋणी है। समस्त मानवता को एकता के सूत्र में पिरोने वाली संस्कृत की इस महत्ता को उजागर करने का लघु प्रयास यहां प्रस्तुत है।

विदेशियों ने संस्कृत की वरीयता को परख इस ज्ञानोदधि में पढने का कितना श्लाघनीय प्रयास किया, सर्व प्रथम इसका विवचेन करना ही उचित होगा। तो आइये प्रमुख पाश्चात्य देश **इंगलैंड, अमेरिका, जर्मनी, इटली, फ्रांस, हालैन्ड** आदि की संस्कृत श्रद्धा की संक्षिप्त रुचि को परखें। इंगलैन्ड के विद्वानों में सर विलियम जोन्स का संस्कृत प्रेम सराहनीय है। इस्टइंडिया कंम्पनी के प्रथम न्यायाधीश का सम्माननीय पद प्राप्त करके भी वे संस्कृत के अध्ययन की ओर अथक श्रम करके एक कुशल संस्कृतज्ञ बन गये जिनकी असीम श्रद्धा का प्रतिफल रहा है **"एशियाटिक सोसायटी"** नामक संस्था १७८३। अभिज्ञान शाकुन्तल ने तो जोन्स को मुग्ध ही कर लिया। उस विद्वान ने इसका अनुवाद कर विश्व में प्रसारित किया, संस्कृत साहित्य में जोन्स की बेहद रुचि थी, वैसे इसके पहले १७७३ ई० में तत्कालीन गवर्नर जनरल **वारेन हेस्टिंग्स** ने भी संस्कृत का अध्ययन किया। पर विलियम जोन्स के प्रयास से संस्कृत विश्वस्तर पर छाने लगी। इंगलैन्ड के विद्वानों ने संस्कृत के पठन पाठन में गहरी रुचि व्यक्त की यही नहीं वरन् १८०१ में स्थापित **"इंडिया आफिस लाइब्रेरी"** में इस वाङमय का भण्डार

एकत्रित किया जाने लगा जहां अब भी २०००० **संस्कृत-प्राकृत** २०००० **हिन्दी**, १०००० गुजराती, ६००० **मराठी**, ५००० **पंजाबी**, १५००० **तमिल**, ६००० **तेलुगू** के ग्रंथ सुरक्षित हैं तथा ८३०० **संस्कृत**, ३२०० **अरबी**, ४८०० **फारसी** आदि भाषाओं की पांडुलिपियां सुशोभित हैं। यही नहीं वरन 'इंडिया आफिस 'लाइब्रेरी' भारतीय संस्कृति से खचाखच भरी पड़ी है जो अब हमारे हाथ नहीं लग सकती। विश्व में बिखरी हमारी अपार साहित्यिक, सांस्कृतिक थाती विचारणीय गंभीर समस्या है ? खैर हम अपने प्रमुख विषय संस्कृत की व्यापकता पर आ रहे हैं। जिसका गढ़ इंगलैन्ड में है। **आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय** में संस्कृत विभाग १८३२ ई० में बड़ी गरिमा के साथ उभरा जिसमें **विलसन, मोनियर विलियम मैकडानल** व **थामस** जैसे संस्कृतज्ञों का विशेष योगदान रहा है। जबकि **कैम्ब्रिज-विश्वविद्यालय** में तो १८२६ ई० में ही प्रतिष्ठित संस्कृत पीठ से **कावेल**, व **बेली बेन्डल** जैसी प्रतिभाएं उद्भूत हुईं। १८६२ ई० में **एडिनबरा विश्वविद्यालय** भी संस्कृत को अपना कर गौरवान्वित हो उठा। १८६३ से १९२६ तक मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग ने भी संस्कृत ग्रंथों के आलोड़न में स्तुत्य योगदान दिया जब कि लन्दन में स्थापित **'प्राच्य विद्या संस्थान'** का तो कहना ही क्या जो संस्कृतज्ञों को उगल रहा था।

अमेरिका की जनता का भी संस्कृत स्नेह अतुलनीय ही है जहां आज भी ५ प्रतिशत नवयुवक व नवयुवतियां संस्कृत की ओर उन्मुख हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व **पेन्सिल्वानिया विश्वविद्यालय** की छात्रा डोरिस ने **'ऋग्वेद में गाय'** शोध प्रबंध पर पी.एच.डी. किया है। भारतीय वाङमय के प्रति लगाव के कारण ही आपने एक भारतीय (श्रीनिवासन) से शादी भी कर लिया है। आज अमेरिका की नई पीढ़ी टेपरिकार्ड पर वेद मंत्रों को सीखती है। अच्छा तो आइये जरा अमेरिका के अतीत की ओर झांक कर संस्कृत की प्रगति को परखें।

१८४१ ई० में सर्व प्रथम **येल विश्वविद्यालय** ने संस्कृत को अपनाकर श्री एडवर्ड सेलिस्वटी के नेतृत्व में द्रुतगति से इस क्षेत्र में उन्मुख हुआ, जिनके कुशल शिष्य ह्विटनी की प्रतिभा से विश्व परिचित है। बोस्टन की 'प्राच्य विद्या परिषद' भी संस्कृत साहित्य के निखार में सराहनीय रही। १८७६ ई० में जोन्सहाप्किन्स विश्वविद्यालय ने भी संस्कृत पीठ को प्रतिष्ठित किया जिसमे लेनमान ब्लूमफील्ड जैसे संस्कृतज्ञों ने संस्कृत की गरिमा को उजागर किया। हार्वर्ड विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग तो प्राचीनतम विभाग है। जहां आज भी भारतीय संस्कृति व संस्कृत की अपार थाती सुरक्षित है। कोलम्बिया विश्वविद्यालय के संस्कृतज्ञ विलियम जेक्सन ने अनेक संस्कृत ग्रंथों का इटालियन भाषा में अनुवाद किया। १९२७ **शिकागो** विश्वविद्यालय के संस्कृतज्ञ वाल्टर ओजेन, **केलिफोर्निया** विश्वविद्यालय के श्री राइडर, **पेनसिल्वानिया** विश्वविद्यालय के इजर्टन तथा मिशिगन, विसकाउन्सिल कार्नेल, हवाई, सिस्यूकिस्, टैक्सस, आदि विश्वविद्यालयों के संस्कृत विभागाध्यक्षों ने संस्कृत साहित्य की गरिमा को खूब निखारा। हार्वर्ड ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट' से तो अध्येताओं की बाढ़ ही आ गई। आज भी डा. ब्राउन, डा. फ्रेंकलिन एडगर्टन प्रो. रोपलवेलर, डा. चार्ल्समूर, डा. डिमोक आदि अमेरिकी संस्कृतज्ञ अध्ययन अध्यापन में तल्लीन हैं।

जर्मनी के संस्कृतज्ञों में तो केवल प्रो. मैक्समूलर का नाम ही विश्व के संस्कृतज्ञों में अद्वितीयता से उभर कर उनकी भारतीय संस्कृति व संस्कृत के प्रति निष्ठा से हमें सादरावनत कर देता है। भारत में स्थापित अनेक मैक्समूलर भवन आज भी उनकी महानता के द्योतक है। श्लेगल, शोपेनहावर फ्राइड्खि-रुकर्त, ग्रासमान, श्रोडर, हिलब्रान्ट, ओल्डेनवर्ग, गेल्डन, आदि संस्कृतज्ञ तथा बान, स्टूटगार्ड, वर्लिन, म्यूनिख, लाइप्जेक, हाइडलवर्ग, गाटिंगन आदि विश्वविद्यालयों में से संस्कृत विषयक कार्य बहुत विस्तार में हो रहा है। यही नहीं वरन वहां आकाशवाणी से भी 'डयचेवेल' नाम से संस्कृत पाक्षिक संवाद प्रसारित होता है। जो संस्कृत के प्रति अपनी असीम श्रद्धा व्यक्त करता है।

संस्कृत की अपार ज्ञान राशि ने फ्रान्स के मनीषियों को भी अपने वश में कर लिया। पेरिस का रोप्याल राजकीय कालेज संस्कृत के उत्कर्ष की जड़ है। १७१८ ई० में ही इस महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष श्री विन्यो महोदय ने संस्कृत की बहुत सी पुस्तकों से इसे संवारा। इससे लाभान्वित है श्री कालमेत्त, श्री पोन्स, श्री जेस्यू-वेसी आदि विद्वानों ने वैदिक वाङमय ललित-साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, दर्शन आदि का गंभीर अध्ययन कर खूब साहित्य का भंडार बढ़ा दिया। इसकी विशालता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि १७३१ ई० में तत्संबंधी एक बड़ी सूची प्रकाशित की गई। श्री लांग्लो ने तो ऋग्वेद, हरिवंशपुराण आदि का फ्रेन्च अनुवाद बड़ी ही कुशलता से किया। १८२२ ई० में स्थापित पेरिस का "सोसिएते आजिआतिक" नामक प्राच्यविद्या संस्थान संस्कृत के संवार में जुट गया। यही नहीं वरन इस परिषद से ही "जुर्नाल आजिआतिक" नाम की फ्रेन्च भाषा में त्रैमासिक प्राच्यविद्या विषयक पत्रिका प्रकाशित होने लगी। इसी उत्कर्ष की कड़ी में १८८० ई० में "म्यूजेगिमे" नामक सुप्रसिद्ध प्राच्यकला संग्रहालय विश्व में अपने ढंग का अनूठा रहा। इस संग्रहालय की निर्देशिका श्रीमती ज्ञानीन ओवोदय्ये महोदया ने भारतीय प्राच्य शिल्प-वास्तु आदि कला की थाती से इसे और संवारा। इस क्षेत्र में श्री रेना व श्री वार्थवर्गन्य का भारतीयता के प्रति अनुराग स्तुत्य रहा है। श्री वर्गन्य ने तो आजीवन ऋग्वेद के अतल में पैठने का श्लाघनीय प्रयास किया जिसका प्रतिफल उनकी दो अनुपम कृतियां हैं।

[1] The Vedic Religion according to the Hymns of Rigved.

[2] Researches on the Samhitas of the Rigved.

श्री वर्गन्य के ही प्रमुख शिष्य सिल्वालेवी विश्वविख्यात संस्कृतज्ञ है। १८६६ ई. में श्री विनुर्फकृत संस्कृत फ्रेन्च शब्द-कोश का तो कहना ही क्या जबकि १९३२ ई. में श्री रेनुमहोदय ने ऋग्वेद का बड़ा ही परिष्कृत फ्रेन्च अनुवाद प्रस्तुत कर विश्व को आश्चर्य में डाल दिया। यही नहीं वरन १९२७ में रघुवंश, १९२६ में वृहत्कथा १९४६ में 'काव्य-मीमांसा' १९४३ में उपनिषद (ईश, केन व कठ) इसके अतिरिक्त पाणिनीय व्याकरण, भषाविज्ञान, धर्मशास्त्र, भारतीय संस्कृति आदि पर विशाल साहित्य का सृजन आपने किया। कहने का तात्पर्य फ्रांस के मनीषियों ने संस्कृत के पठन पाठन की ओर अपनी बेहद रुचि का परिचय दिया जिसका विस्तार यहां स्थानाभाव के कारण देना संभव नहीं हो रहा है।

इटली व हालैन्ड के संस्कृतज्ञों का भी इस क्षेत्र में योगदान सराहनीय है जिसकी संक्षिप्त झलक यहां देखिये। इटली के प्रसिद्ध संस्कृतज्ञ

श्री फ्लोरेन्टाइन फिलिप्प ने १५८३ ई० में गोवा में रहकर संस्कृत का गम्भीर अध्ययन किया। इटली के विद्वान अब संस्कृत के प्रति आकर्षित होने लगे जिसके वशीभूत श्री गिआकोमो फेर्नासियों महोदय ने १७ वीं शताब्दी में ही एक बहुत ही उत्कृष्टतम ग्रंथ "Libro do Seita dos Indos orientales" पुराणों की गरिमा को उजागर करने की दृष्टि से लिखा जिसका वहां के विद्वानों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा विश्व स्तर पर संस्कृत की गरिमा को आंकने की दृष्टि से ही एक इटेलियन विद्वान श्री गिओवान्नी फरान्सेस्को-गेमेलीकारेरी महोदय ने विश्व भ्रमण कर १७ भागों में एक बहुत ही परिमार्जित भाषा में पुस्तक लिखी जो संसार स्तर पर संस्कृत की गरिमा को उजागर करने वाला प्रयास रहा। आप त्युरे Turin विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के प्राध्यापक रहे। इसी समय फ्लोरेन्स नगर का प्राच्य विद्या-शोध संस्थान भी काफी सक्रिय हो गया जिसके भण्डार को भारतीय प्राच्य विद्या विषयक पांडुलिपियों से भरने का अथक श्रम श्री आन्जेली-द-गुवनीतिस कर रहे थे। संक्षिप्ततः यही कहा जा सकता है कि इटली के विद्वानों का संस्कृत स्नेह भी स्तुत्य है।

हालैंड में तो १६५१ ई. में ही भारतीय पुराण, इतिहास, वैदिक, वाङमय यहां तक की भर्तृहरि शतक तक का अनुवाद उच्च भाषा में हो गया था। श्री हर्बर्ट-द-जागे महोदय का संस्कृत स्नेह अद्वितीय रहा जिन्होंने बहुत से संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद किया। लाइडन विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष श्री हामाकर महोदय के शिष्यत्व में बहुत से संस्कृतज्ञ उभरे। १९२५ ई. में स्थापित "कर्न-विद्यासंस्थान" वैदिक वाङमय को निखारने में अग्रगण्य रहा। जब कि श्री कर्न ने तो संस्कृत वाङमय को मथ ही डाला। इसी समय यूट्रेख्त विश्वविद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक श्री केलेंड महोदय ने ब्राह्मण ग्रंथों पर बहुत ही समृद्धिपूर्ण साहित्य का सृजन किया। श्री खोण्डा महोदय भी विश्वविख्यात संस्कृतज्ञ हुए, जिनके संस्कृत सृजन को आंकना आसान नहीं। संस्कृत साहित्य की समस्त विद्याओं को आपकी प्रतिभा ने निखारा।

हमारे पड़ौसी मित्र सोवियत संघ का भी संस्कृत स्नेह सराहनीय है जिनके प्रमुख संस्कृतज्ञ श्री आई.पी. मिनायेव, श्री एस.एफ. ओल्देनवुर्ग, श्री एफ. आई. श्चेर्वास्की, श्री आई. काच्कोवकी, श्री ओवेरमिल्लेर, श्री वी. कल्यानोव, श्री वी. वोदोवियोव दास्यातोक्की, श्री लोखतिन, श्री बोरिस ओगीवेनिन, श्री तातियाना येलीजोरेकावा, श्री गेरासिमोव आदि ने अपने अथक श्रम से रूसी भाषा में संस्कृत की गरिमा को खूब निखारा है। मास्को का 'प्राच्यविद्या संस्थान' भारतीय संस्कृति के प्रति विशेष सक्रिय है और लेनिनग्राद का तो कहना ही क्या। वैदिक वाङ्मय से लेकर कालिदास, वाण, हर्ष, राजशेखर, विशाखदत्त, भर्तृहरि आदि की कृतियों का रूसी भाषा में अनुवाद हुआ है, यही नहीं वरन अभी भी डा.ए.वी. गैरा सिमोव ने भारत में तंत्रशास्त्र पर गंभीर अध्ययन किया है। रूसी संस्कृत छात्र श्री वी. येलिजारेन्कोवा ने एम.ए. में लिया है "ऋग्वेद की भाषा में क्रियाओं की श्रेणियां"। श्री इत्युइन ने "मनुस्मृति" पर बड़ा ही गरिमापूर्ण कार्य किया। संक्षिप्ततः यही कहा जा सकता है कि सोवियत संघ के संस्कृतज्ञ भारतीय संस्कृति को थहाने में बड़ी श्रद्धा से संलग्न हैं।

अब थोड़ा **मुगलकालीन** संस्कृत प्रेम को परखें तो इसकी गरिमा में और निखार आयेगा।

इस्लाम के उपासकों ने भी संस्कृत के प्रति अपनी असीम श्रद्धा व्यक्त की है। जिनमें प्रमुख है दाराशिकोह। दारा १६४० ई. में जब कश्मीर में घूमने गया तो उसे कुछ उपनिषदों की प्रतियां मिली, जिनसे वह बड़ा प्रभावित हुआ। यही नहीं वरन उसने उपनिषदों को अरबी में भाषान्तरित कराया और उपनिषदों के गंभीर अध्ययन से बेहद खुश हुआ। दारा ने कहा कि "कुरान, अवेस्ता आदि से मुझे उतनी शांति नहीं मिली जितनी उपनिषदों के अध्ययन से मिली।" वह इन्हें "दैवी रहस्यों का भाण्डागार" कहता था। 'भगवद्-गीता,' योग-वासिष्ठ व 'प्रबोध-चन्द्रोदय' का अनुवाद स्वयं दारा ने फारसी में किया। साम्प्रदायिक एकता की दृष्टि से दारा ने एक महान ग्रंथ "सम्प्रदायों का तुलनात्मक अध्ययन" देकर वास्तव में एक स्तुत्य कार्य किया 'गुम-उल-बह-रीन" दारा की अनुपम कृति हैं, साम्प्रदायिक एकता की दृष्टि से दारा के पिता शाहजहां का भी संस्कृत प्रेम सराहनीय है। उसने प्रधान संस्कृतज्ञ कवीन्द्राचार्य, जगन्नाथ, नित्यानंद, वेदांगराय आदि को प्रश्रय दिया व विविध अलंकरणों से सम्मानित किया। इसके पूर्व जहांगीर ने गोविंदशर्मण जैसे संस्कृतज्ञ को अपने दरबार में विशेष सम्मानित कर अलंकरण से अलंकृत किया। अकबर का संस्कृत स्नेह व समन्वयात्मक सिद्धांत तो विश्ववंद्य है ही जिसने नारायण भट्ट जैसे संस्कृतज्ञ को 'जगद्‌गुरु' की गरिमा से मंडित किया। हुमायूं ने भी संस्कृत व्याकरण के विद्वान चन्द्रकीर्ति को उनकी पुस्तक 'सारस्वत प्रक्रिया" पर विशेष सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सुल्तान जलालुद्दीन, मलिक सुल्तान, अब्दुल रहीम खाना खाना, आदि का तो संस्कृत स्नेह सराहनीय रहा है। यही नहीं वरन शाहजहां ने तो पंडितराज जगन्नाथ को उनकी विद्वता पर मुग्ध हो 'पंडितराज' की पदवी से अलंकृत किया था।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि विश्व के सभी धर्मों के अनुयायियों ने संस्कृत के प्रति असीम श्रद्धा व्यक्त की है। यह विश्ववंद्य भाषा आज अपने देश में किस गति से चल रही है, एक विचारणीय समस्या है। आज अपने देश में संस्कृत का वह सम्मान नहीं है जो विश्वस्तर पर हो यहां तो संस्कृतज्ञ दाने २ को मोहताज दर २ की ठोकरें खा रहे हैं। क्या हम अपनी इस थाती (संस्कृत) की गरिमा को परखेंगे।

विज्ञान जनता तक

केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, नई दिल्ली की कार्यकारणी में निश्चय किया है कि देश के मूल धन में वैज्ञानिक आदि भारतीय तथा राज्यों की सरकारों के तकनीकी विभागों के अध्यक्षों से नयी पीढ़ी में विज्ञान तकनीकी विषयों के प्रति अभिरुचि जागृत करने के लिए हिन्दी में विविध तकनीकी विषयों पर व्याख्यान कराये जाएं। व्याख्यान देश के बड़े-२ नगरों में हिन्दी माध्यम से कराए जाएंगे जिससे कि स्कूलों और कालेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी तथा विज्ञान में रुचि रखने वाले अन्य नागरिक इनका लाभ उठा सकें।

द्वारा—कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद,
एक्स वाई—६८, सरोजनी नगर, नई दिल्ली—११००२३

जनवरी मास से आगे--

सामवेद-पद्यानुवाद (उत्तरार्चिक) १ प्रपाठक का २ अर्घ सम्पूर्ण

श्री पं० विद्यानिधि शास्त्री

(लावनी छन्द)

अनु प्रत्नस्यौकसो हुवे तुविप्रतिं नरम् ।
यं ते पूर्वं पिता हुवे ।।७४४।।

दीप्त पुराने द्यौस्थलवासी प्रभु के मैं अनुवाक पढ़ूं ।
बहुत अधिक जनता के अभिमुख उस नेता को ही पकड़ूं ।।
जिस की स्तुतियां मान्य तुम्हारे पूर्व पिताओं ने गाईं ।
प्रतिपक्षी रिपुओं ने जिसके प्रति अपने मुंह की खाई ।।

आ घा गमद् यदि श्रवत् सहस्रिणीभिरूतिभिः ।
वाजेभिरुप नो हवम् ।।७४५।।

यदि निश्चय से आवेंगे प्रभु तो ये स्तुतियां सुन लेंगे ।
शतगुण और सहस्रगुणित निज रक्षण भी हमको देंगे ।।
बल अन्नों से पूर्ण हमारे हवनों में वे बैठेंगे ।
जो कुछ होंगी त्रुटियां हम में उन सबको भी मेटेंगे ।।

इन्द्र सुतेषु सोमेषु क्रतुं पुनीष उक्थ्यम् ।
विदे वृधस्य दक्षस्य महां हि षः ।।७४६।।

सोम रसों में स्तुत्य हमारे क्रतु को देव ! पुनीत करो ।
विद्या धन बल वृद्धि सिद्धि दे हमको भव्य विनीत करो ।।
महान् आप हो, सब कुछ जानो, निर्मल उज्ज्वल भाव भरो ।
यज्ञ हवन में अपना सुन्दर रूप बना जग में विचरो ।।

स प्रथमे व्योमनि देवानां सदने वृधः ।
सुपारः सुश्रवस्तमः समप्सुजित् ।।७४७।।

प्रभु ! तुम उच्च विशाल सुरक्षित दिव्य लोक में जाते हो ।
देवों के घर में सुख व धन सोम रसों को पाते हो ।।
सबको पार लगाते, शोभन धन यश देते आते हो ।
भवसागर के जेता नेता बन कर जग में भाते हो ।।

तमु हुवे वाजसातय इन्द्रं भराय शुष्मिणम् ।
भवा नः सुम्ने अन्तमः सखा वृधे ॥७४८॥

अन्न धनों के दान हेतु मैं इन्द्रदेव को याद करूं ।
जो रण में क्षण में बल देता उससे ही फर्याद करूं ॥
देव हमारे! अन्तिकतम तुम शुभ गुण वर्धक मित्र बनो ।
स्थिर आनन्दनिमित्त चित्त में बैठो प्यारी बात सुनो ॥

एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे ।
प्रियं चेतिष्ठमरतिं स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम् ॥७४९॥

मैं इस छवि से पूज्य तुम्हारे अग्निदेव के गुण गाऊं ।
प्रिय चेतन ओजस्वी बल का पुत्र उसे मानूं ध्याऊं ॥
कण २ में अनुवक्त हुए जो सबको नित्य विरत पाऊं ।
सकल विश्व के अमर दूत को देख हृदय में हर्षाऊं ॥

स योजते अरुषा विश्वभोजसा स दुद्रवत् स्वाहुतः ।
सुब्रह्मा यज्ञः सुशमी वसूनां देवं राधो जनानाम् ॥७५०॥

विश्व भुवन के पालक घोड़े अरुण वर्ण जो दो जोड़े ।
दीप्त घृताहुति वर्धित ऊंचा ज्वाला जटिल हुआ दौड़े ॥
मन्त्र सुशोभित पूज्य सुकर्मा देवों के प्रति धन मोड़े ।
जनहित कर्ता अग्निदेव वह अपना नियम नहीं तोड़े ॥

प्रत्यु अदर्शयायत्यु३च्छन्ती दुहिता दिवः ।
अपो मही वृणुते चक्षुषा तमो ज्योतिष्कृणोति सूनरी ॥७५१॥

दीख रही यह संमुख आती, चमक दिखाती दिव्य उषा ।
तिमिर हटाती, शोभा पाती, शीघ्र मिटाती भीति रुषा ॥
द्यौ की लड़की, अघ-कीचड़ की शोषक, तोड़े जाड्य नशा ।
सुमधुर वाणी सम कल्याणी भव्य बनावे लोकदशा ॥

उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचा उद्यन्नक्षत्रमर्चिवत् ।
तवेदुषो व्युषि सूर्यस्य च सं भक्तेन गमेमहि ॥७५२॥

उषा देवी! जब दीप्त एक नक्षत्र उदित रहता नभ में ।
उसके साथ सूर्य निज किरणें मृदु फैलाता है सब में ॥
तब उस तिमिर हरण में तेरा और सूर्य का भाग रहे ।
उससे हम संगत हों, जिसमें शान्त रसों की धार बहे ॥

इमा उ वां दिविष्टय उस्रा हवन्ते अश्विना ।
अयं वामह्वेऽवसे शचीवसू विशं विशं हि गच्छथः ॥७५३॥

अश्विरूप रवि शशि ! तुम दोनों हो कमनीय बड़े भारी ।
तुम को दिव्य एषणावाली चाह रही दुनियां सारी ॥
सच्चे शुचि किरणों वाले ! तुम हर घर २ में जाते हो ।
यह में भक्त पुकारूं तुमको, क्यों रक्षार्थ न आते हो ॥

युवं चित्रं ददथुर्भोजनं नरा चोदेथां सूनृतावते ।
अर्वाग्रथं समनसा नियच्छतं पिबतं सोम्यं मधु ॥७५४॥

हे नेताओं रवि शशिओं ! तुम सत्य मधुरभाषी जन को ।
देते हो मन चाहे पूजित पौष्टिक सात्विक भोजन को ॥
दोनों साथ एक मन होकर निज रथ को नीचे लाओ ।
पीकर सौम्य मधुर रस भू-पर, फिर अपने घर को जाओ ॥

अस्य प्रत्नामनु द्युतं शुक्रं दुदुह्रे अह्रयः ।
पयः सहस्रसामृषिम् ॥७५५॥

इस रवि की ये अकुटिल किरणें शुद्ध शुक्ल रस को दोहें ।
जो प्राचीन दीप्ति से अनुगत होकर सब जग को मोहें ॥
दान सहस्रगुण देने को रवि अभिनव रस लेता है ।
ऋषिसम शुभ दर्शन दे सबका जो पेटा भर देता है ॥

अयं सूर्य इवोपदृगयं सरांसि धावति ।
सप्त प्रवत आ दिवम् ॥७५६॥

सूर्य समान निरीक्षक हो प्रभु भवसागर में दौड़ रहे ।
अन्धकार मल धोते जाते चक्र नियम से मोड़ रहे ॥
द्यौ से ले कर नीचे सातों लोकों में वे जाते हैं ।
सबका किल्विष धोकर अपने ब्रह्मलोक में लाते हैं ॥

अयं विश्वानि तिष्ठति पुनानो भुवनोपरि ।
सोमो देवो न सूर्यः ॥७५७॥

सोमदेव यह सब भुवनों के ऊपर बैठा रहता है ।
सूर्यसदृश सबको शोधित कर निज रस में ही बहता है ॥
देह रहित होकर भी श्रुति में सुन्दर वाणी कहता है ।
सत्वरजस्तममिश्र जगत् की सब बातों को सहता है ॥

एष प्रत्नेन जन्मना देवो देवेभ्यः सुतः ।
हरिः पवित्रे अर्षति ।।७५८।।

इसने बहुत पुराने ऊंचे ब्रह्मलोक में जन्म लिया ।
यहां दिव्यता लाने के हित खुद को आविर्भूत किया ।।
सब पापों को हरता है यह इससे हरि कहलाता है ।
सोमदेव भी कहते इसको, जो पवित्रता लाता है ।।

एष प्रत्नेन मन्मना देवो देवेभ्यस्परि ।
कवि विप्रेण वावृधे ।।७५९।।

बहुत पुराने उच्च मनन से यह देवों से ऊपर है ।
देवों का भी देव बना है, व्याप्त हुआ द्यौ भू पर है ।।
कवि है, विप्र मनीषी जन की स्तुतियों से यह बढ़ता है ।
जो इसको माने पूजे वह ऊंचे पद पर चढ़ता है ।।

दुहानः प्रत्नमित् पयः पवित्रे परिषिच्यसे ।
क्रन्दं देवां अजीजनः ।।७६०।।

दुहता है यह प्राच्य रसों को, ऊर्ध्वलोक में जो पावें ।
शुद्ध पवित्र मनुज ही इसको अभिषेचनहित मन भावें ।।
ऊंचा क्रन्दन करता है यह पूर्ण दिव्यता लाने को ।
क्या कोई उत्सुक है ऐसे सोमदेव के पाने को ।।

उप शिक्षापतस्थुषो भियसमाधेहि शत्रवे ।
पवमान विदा रयिम् ।।७६१।।

हे पवमान ! पवित्र करो तुम अनवस्थित दुःस्थित जन को ।
शिक्षा दो, समझाओ उसको, भय दिखलाओ दुश्मन को ।।
धन दो, तन दो, मन दो, उतम भोजन दो, जन दो हमको ।
भक्त बने अनुरक्त बने हम संतत याद करे तुमको ।।

उपोषु जातमप्तुरं गोभिर्भङ्गं परिष्कृतम् ।
इन्दुं देवा अयासिषु ।।७६२।।

जलसम सत्वर, पालनतत्पर, तुमको देवों ने जाना ।
अधिकृत सत्कृत नित्य परिष्कृत, आह्लादक मादक माना ।।
दुर्जनभञ्जक, सज्जनरंजक, देवगवी से पहिचाना ।
तुमको पाये, वे सब भाये, सुन्दर गाये यह गाना ।।

उपास्मै गायता नरः पवमानायेन्दवे ।
अभि देवां इयक्षते ।।७६३।।

उस पवित्र गुण सिन्धु इन्दु के निकट बैठ गुणगान करो ।
देवों के अभिमुख जो रहता उसका मन में ध्यान धरो ।।
यज्ञ २ में व्यापक उत्तम संगति का वह इच्छुक है ।
सब भूतों का पूज्य यक्ष है, हवि लेने को उत्सुक है ।।

प्रसोमासो विपश्चितोऽपो नयन्त ऊर्मयः ।।
वनानि महिषा इव ।।७६४।।

सोमरसों की मधुर तरंगें अन्तस्थल में खेल रहीं ।
ज्ञान-अनल से मिश्रित संचित कर्म-जलों को ठेल रहीं ।।
जैसे भैंसे सलिलाशय में आलोडित करते जल को ।
वैसे ये रस धोते जाते हैं अन्दर के सब मल को ।।

अभि द्रोणानि बभ्रवः शुक्रा ऋतस्य धारया ।
वाजं गोमन्तमक्षरन् ।।७६५।।

हृदय-कलश में भूरी गोरी श्वेत पड़ें इसकी धारा ।
गोधन मिश्रित बल यश वैभव सुख भरती जाती सारा ।।
सोमदेव निज धारा द्वारा यह रस भरता है प्यारा ।
जिसको पीकर लौकिक मानव अतिमानव होता न्यारा ।।

सुता इन्द्राय वायवे वरुणाय मरुद्भ्यः ।
सोमा अर्षन्तु विष्णवे ।।७६६।।

इन्द्र वायु या वरुण मरुद्गण विष्णु बने प्रभु के हित ये ।
मधुर सौम्य रस अभिषुत होकर झरते जाते नित्य नये ।।
प्रभु ही हमको रस देते हैं, हम भी उनको रस देवें ।
कैसा सुन्दर है दोनों का यह सम्बन्ध, इसे सेवें ।।

प्र सोम देववीतये सिन्धुर्न पिप्ये अर्णसा ।
अंशोः पयसा मदिरो न जागृविरच्छा कोशं मधुश्चुतम् ।।७६७।।

देवजनों के भोजन हित हे सोम ! निजी धारा छोड़ो ।
जिसका कोश मधुस्रावी हो, उसको आप इधर मोड़ो ।।
अच्छा जागृतिकारक मादक पयमिश्रित जो चमकीला ।
सागर सम जल से परिपूरित अन्तस्तल कर दे गीला ।।

आ हर्यतो अर्जुनो अत्के अव्यत प्रियः सूनुर्न मर्ज्यः ।
तमीं हिन्वन्त्यपसो यथा रथं नदीष्वा गभस्त्योः ।।७६८।।

प्रिय परिमार्जित पुत्र सदृश जो शुभ वसन परिवेष्टित है ।
हरा भरा कमनीय मधुरतम सुन्दर जिसका चेष्टित है ।।
इस रस को सरिता में रथसम हम अन्तस्थल में डालें ।
अंगुलिसम किरणों से मल धो स्थिर अपना जीवन पालें ।।

प्र सोमासो मदच्युतः श्रवसे नो मघोनाम् ।
सुता विदथे अक्रमुः ।।७६९।।

मद के च्यावक सौम्य मधुर रस अभिषुत हैं विक्रय करते ।
यज्ञ सदन में धन यश वैभव अन्नादिक के मन भरते ।।
सब धनियों में श्रेष्ठ धनी जो वह भगवान मघवा प्रभु है ।
उसकी ही ये महिमा गावें जो जग में व्यापक विभु है ।।

आदीं हंसो यथा गणं विश्वस्यावीवशन्मतिम् ।
अत्यो न गोभिरज्यते ।।७७०।।

हंस समान सकल जनगण के मत में जो उत्कृष्ट घने ।
शोभित हैं वे सोमदेव ही घट २ में विनिविष्ट बने ।।
अश्वसमान बली अपनी रसधाराओं से अञ्जित हैं ।
उत्पत्ति स्थितिलयकर्ता वे सब भुवनों में व्यञ्जित हैं ।।

आदीं त्रितस्य योषणो हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः ।
इन्दुमिन्द्राय पीतये ।।७७१।।

त्रिभुवन की सुन्दरियां वाणी प्रभु का रस तैयार करें ।
आदृत ओषधियों से शोधित हरे भरे दिल-पात्र धरे ।।
आह्लादक मादक उस रस को प्रभु को पीने को देवें ।
उससे अपना अन्तस्तल भी उज्ज्वल निर्मल कर लेवें ।।

अया पवस्व देवयु रेभन् पवित्रं पर्येषि विश्वतः ।
मधोर्धारा असृक्षत ।।७७२।।

देव ! बहो तुम इस धारा से स्तुत्य दिव्यता को लाओ ।
शुद्ध पवित्र विचारों को ही प्रभु ! चहुं ओर घुमालाओ ।।
उच्च मिठासभरी धारायें तुम से निःसृत होती हैं ।
दुष्ट विषैले मैले फैले सब पापों को धोती है ।।

पवते हर्यतो हरिरति ह्वरांसि रंह्या ।
अभ्यर्ष स्तोतृभ्यो वीरवद् यशः ॥७७३॥

हरियाली से हरा भरा जो कपट कुटिलता हरता है ।
तरल विमल मृदु अति सुन्दर है, बड़े वेग से झरता है ॥
स्तोतृ जनों के प्रति हे प्रभु जी ! तुम उस रस को झलका दो ।
शौर्य वीर्य यश वाले उसकी चमक दमक कुछ दिखला दो ॥

प्र सुन्वानयान्धसो मर्तो न वष्ट तद् वचः ।
अप श्वानमराधसं हता मखं न भृगवः ॥७७४॥

अन्नों के निर्माता दाता प्रभु के ही हम गुण गावें ।
जिसकी महिमा पूर्ण कहीं पर नहीं मर्त्यजन कह पावें ॥
दान रहित कंजूस शुनक को मख ले दूर भगा देवें ।
भृगु सम भर्जन कर दें उसका, भक्तों से मिल सुख लेवें ॥

—o—

बिहार राज्य सेवा परीक्षा से अंग्रेजी हटी

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना ने बिहार राज्य के लिए ली जाने वाली राज्य सेवा परीक्षा में पूर्व निश्चित ४ अनिवार्य विषयों में से सामान्य अंग्रेजी विषय को हटा दिया है। अनिवार्य सामान्य अंग्रेजी के स्थान पर अब १०० अंकों की सामान्य हिन्दी रखी गई है। यह यह सूचना सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना ने अपने एक पत्र में केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद्, नई दिल्ली को दी है। केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद् ने सभी हिन्दी राज्यों के लोक सेवा आयोगों से प्रार्थना की थी कि नौकरी में प्रवेश के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं में सामान्य अंग्रेजी के स्थान पर हिन्दी को अनिवार्य विषय के रूप में रखा जाए।

परिषद की प्रार्थना पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर मध्य प्रदेश राज्य के लिए ली जाने वाली राज्य सेवा परीक्षा में पूर्व निश्चित ४ अनिवार्य विषयों में से सामान्य अंग्रेजी विषय को हटा देने के आदेश पहले ही दे चुका है।

परिषद ने शेष हिन्दी राज्यों के लोक सेवा आयोगों से पुनः प्रार्थना की है कि वे भी बिहार तथा माध्यप्रदेश की भांति अपनी-अपनी परीक्षाओं में से अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त कर दें जिससे कि हिन्दी के माध्यम से हिन्दी का अच्छा ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों के सरकारी नौकरी में आने से हिन्दी राज्यों की सरकार की राजभाषा के सम्बन्ध में घोषित नीति को कार्यान्वित करने में सहायता मिल सके।

संयोजक, राजभाषा कार्य केन्द्रीय-सचिवालय हिन्दी-परिषद,
एक्स वाई ८६, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली-११०,२३

सामान्य जाति और सामान्य विशेषात्मक जाति

(सत्यार्थप्रकाश एकादश समुल्लास का स्वाध्याय)

श्री बी. एन. चौबे

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ ।।
योगेश्वर कृष्ण (गीता १६।२४)

विषय प्रवेश

मित्रवर श्री पं० गंगाराम जी बी० एस-सी०, एल-एल० बी० अधिवक्ता हैदराबाद, कोई चार वर्ष से प्रति रविवार, आर्यसमाज मन्दिर, महर्षि दयानन्द मार्ग, (हैदराबाद) में सत्यार्थप्रकाश की कथा करते और सुबोध करके समझाने का स्तुत्य कार्य कर रहे हैं । अब नगर में कई स्थान पर यह परिपाटी चल पड़ी है; एकादश समुल्लास का पाठ करते समय ३० जुलाई १९७२ तदनुसार ८ श्रावण १८९४ भा० को पं० गंगाराम जी ने अमुक वाक्य ऋषिवर का न होना तथा प्रक्षिप्त होना बताया और थोड़ी देर पश्चात् श्री पं० मदनमोहन विद्यासागर पधारे और उनका मत था कि यह विषय चिन्त्य है । मैंने तुरन्त ही कुछ बातें रखीं थीं और फिर आदरणीय महात्मा देवमुनि वानप्रस्थ (धर्मदेव विद्यामार्तण्ड) की सेवा में पत्र द्वारा निवेदन किया । श्री पं० जी ने मुझे कृपा पत्र दि० ८।८।१९७२ ई० द्वारा स्वर्गीय स्वामी वेदानन्द दयानन्द तीर्थ तथा श्री जगदेवसिंह सिद्धान्ती के मत को देखने तथा कुछ समय ठहरने को लिखा । परन्तु अभी तक महात्मा जी का कोई और आदेश नहीं मिला । अतः मैं अपनी बात आर्य सज्जनों की सेवा में उपस्थित करता हूं । क्योंकि––

वादे वादे जायते तत्त्वबोधः ।

आप सब मिलकर तथा अलग-अलग विचार करें और चिन्तन और मनन के पश्चात् कुछ लिखने का कष्ट करें ।

श्री धर्मदेव जी जब गुरुकुल पत्रिका के सम्पादक थे तभी मुझसे लेख भेजने का आग्रह करते थे और सत्य के निर्णय में श्री श्रद्धानन्द जी महाराज के गुरुकुल की मुख पत्रिका से अधिक उपयोगी मुझे कोई पत्र पत्रिका न जंची । अतः इसी पत्रिका द्वारा उपस्थित हूं । किसी अंग्रेज का कथन है कि विश्वविद्यालय सूत्ररूप तत्त्वपोषण का केन्द्र होता है (University is the seat of concise and pecise thought.) अतः इस पत्रिका ही को मैं अपनाता रहा हूं ।

ऋषिवर दयानन्द की मूल मान्यताएं

ऋषिवर के अनुसार मूल वेद केवल चारों संहिता हैं । तथा वेद विरुद्ध कोई बात किसी की क्यों न हो प्रामाणिक नहीं है । स्वमन्तव्यामन्तव्यप्रकाश का यह अंश स्मरणीय है कि "चारों वेदों (विद्या धर्मयुक्त ईश्वर-प्रणीत संहिता मन्त्र भाग) को निर्भ्रान्ति स्वतः प्रमाण मानता हूं । वे स्वयं प्रमाण हैं कि जिनका प्रमाण होने में किसी अन्य ग्रन्थ की अपेक्षा नहीं । जैसे सूर्य वा प्रदीप अपने स्वरूप से स्वतः प्रकाशक और पृथिव्यादि के भी प्रकाशक होते हैं, वैसे चारों वेद हैं ।" इत्यादि । अतः दो बातें पूर्णतया निश्चित हो गई । प्रथम वेद द्वारा प्रतिपादित पक्ष प्रमाण कोटि में है । दूसरे आर्ष ग्रन्थ वेदविरुद्ध न हों तो प्रमाण कोटि में हैं, नहीं तो नहीं। द्वितीय ऋषिवरने ब्रह्मा से लेकर जैमिनि मुनि पर्यन्त ऋषियों के कथन जहां वेद विरुद्ध न हों प्रमाण माने हैं । तृतीय समुल्लास आदि सत्यार्थप्रकाश, ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका, स्वमन्तव्यामन्तव्यप्रकाश और अन्य स्थल पर निर्भ्रान्त रूप से प्रतिपादित करदी हैं । परन्तु लेखक के अपने मन्तव्य का छान बीन करके ही निर्णय करना चाहिये

दूसरों की बात ऋषि पर आरोपित न हों ।

एकादश समुल्लास का पाठ

१८७५ ई० १९३१ विक्रम में सत्यार्थप्रकाश छपा । अतः अब सौ वर्ष होने आ रहे हैं । पाठ मूलरूप में है :—

(प्रश्न)–जाति भेद ईश्वरकृत है वा मनुष्यकृत ? (उत्तर)–ईश्वर और मनुष्यकृत भी जातिभेद है । (प्रश्न)–कौन से ईश्वरकृत और कौन से मनुष्यकृत? (उत्तर)–मनुष्य, पशु, पक्षी, वृक्ष, जल, जन्तु आदि जातियां परमेश्वर कृत हैं ।. . .वैसे मनुष्यों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, अन्त्यज जातिभेद ईश्वर-कृत हैं । परन्तु मनुष्यों में ब्राह्मणादि को सामान्य जाति में नहीं किन्तु सामान्यविशेषात्मक जाति में गिनते हैं । जैसे पूर्व वर्णाश्रम व्यवस्था में लिख आये वैसे ही गुण, कर्म, स्वभाव से वर्णव्यवस्था माननी अवश्य है ।"

ऋषिवर के लेखों में यदा कदा भाष्यकारों का मत अलग दर्शाये बिना लेख के प्रवाह में कुछ बातें आगई हैं । सत्यार्थप्रकाश अत्यन्त सूक्ष्म रूप से लिखे जाने के कारण और ऋषिवर के गम्भीर वेदाध्ययन और सूत्र पठन-पाठन का रंग उन के लेख तथा भाषणों में भी प्रतिबिम्बित होता है । वात्स्यायन-भाष्य हिन्दी में कई स्थल पर अनूदित है । परन्तु वह सब दयानन्द के गले थोपना अन्याय है । सत्यार्थप्रकाश पूर्णतया समझने के लिए न केवल ऋषिवर के सब ग्रन्थ, भाषण, पत्रव्यवहार उद्धृत प्रमाणों के मूल और भाष्य के अध्ययन की आवश्यकता है परन्तु मत-मतान्तरों के अध्ययन और मनन की भी आवश्यकता है । तीन उदाहरण पर्याप्त हैं ।

(१) एकादश समुल्लास में (समित्पाणिः) मुण्डक (१।१२) का अर्थ देते हुए समित्पाणि अर्थात् **हाथ जोड़ अरिक्त हस्त होकर**. . . .गुरु के पास जावे । अथर्ववेद (१९।६४) समिधमाहार्षं–पाठ पारस्कर गृह्य सूत्र (२।४।३) वनपर्व (११६।३०), शतपथ ब्राह्मण (६।२।३।४६) तथा मौनियर विलियम्स समिधा लेकर जाने का आदेश है । प्रश्नोपनिषद (१।१) भी द्रष्टव्य है । **समिधा मानव जीवन का प्रतीक** है । समिधा गुरु-अग्नि, परमात्मा-अग्नि, संन्यासी-अग्नि, न्यायाधीश-अग्नि की कृपा से प्रज्वलित होकर स्वयं अग्नि बन जाएगी । अग्नि बनना ही उस के जीवन का ध्येय है । अरिक्तहस्त कात्यायन श्रौतसूत्र का विधान है । और महाभारत में तो कटा सर लेकर जाना ही अरिक्तहस्त जाने के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । हाथ जोड़ कर जाने से हाथ भरपूर तो होगा नहीं । गुरु गोविन्दसिंह ने नौवर्ष की आयु में अपने पिता की समिधारूप में आहुति दी थी । फिर अपने चारों पुत्रों की समिधारूप में आहुति दी और अपना शरीर भी समिधारूप में दे डाला । तुषाग्नि में जलना हर व्यक्ति का काम नहीं है । भारतीय इतिहास ही कुछ उदाहरण स्वर्णाक्षरों में लिखता है ।

(२) इसी समुल्लास में इसके पूर्व आया है "पूर्वापर जन्म न मानने से (क) कृतहानि और (ख) अकृताभ्यागम (ग) नैर्घृण्य और (घ) वैषम्य दोष भी ईश्वर में आते हैं ।

श्रीमती डाक्टर सुनीती एम० ए०, पी०एच-डी० ने १९ भाद्र १८९४ भा० को श्री पं० गंगाराम जी से स्पष्ट करने को कहा था । इन चार शब्दों में सारे पौराणिक, बौद्ध, जैन, चारवाक, ईसाई, मुसलमानादि मतमतान्तरों की सूक्ष्मतम समीक्षा कर दी है ।

बाइबल के अनुसार आदम के यहोवा द्वारा मना करने पर भी फल खाने के पाप रूप सब मानव समाज को धरातल पर डाल कर सुख-शान्ति से

वञ्चित कर दिया गया। फिर जीसुस क्राइस्ट ने अपना जीवन देकर प्रायश्चित्त किया। क्राइस्ट के प्रायश्चित्त से पूर्व जो मरे और उनके पश्चात् जो उन पर अन्धःविश्वास न कर सके दण्ड भागी ठहरे। परन्तु ईसाई भी अपने जीवन में दूसरों से अधिक अशान्त और दुःखी हैं। फिर क्या हुआ इस अन्धःविश्वास का फल ?

अपने शुभ कार्य का शुभ फल न मिले; अशुभ कर्म का दण्ड न मिले; दूसरे के किसी कर्म अथवा खुशामद और रिश्वत से अथवा अनुचित अनुकम्पा से लाभ अथवा हानि परमात्मा को अन्यायकारी, अज्ञ, घूसखोर, सिफारिशी आदि बना देता है। परन्तु जीसुस के तथाकथित बलिदान के पश्चात् भी पोप जी नकद वसूल करके प्रमाण-पत्र प्रदान करते हैं कि मनुष्य को कहां रखा जाये। परमात्मा कहते हुए तुम इन मान्यताओं द्वारा उसको साधारण पुलिस आबकारी तथा इनकमटैक्स के नौकर सदृश आचारहीन समझते हो जिस का कोई नियम नहीं। वह पूर्णतया तैमूर, चंगेज़, हलाकू इत्यादि के भी बाबा के रूप में स्थानीय, निर्दय, अत्याचारी, अनियमित व्यक्ति हैं। अब आप (११) से (१४) समुल्लास के उदाहरण पाठ करलें केवल यही नमूने मिलेंगे। वेदानुसार उस परम शक्ति-केन्द्र को स्वाभाविकी अपने स्व-भावना के अनुसार अपने सत्स्वरूप से ही, ज्ञान–Omniscience; बल–Omnipotence; क्रिया–Creation, preservation, destruction; रचना, स्थिति, संहार की पूर्ण शक्ति है (श्वेताश्वतर ६।८) कर्मानुसार (यजु० ४०।८) फल देने में (ऋग्वेद० १०।८६।६)इन्द्र सर्वशक्तिमान् का मन्यु नियमानुसार दण्ड देता है। यहां धांधली नहीं चलती।

न यस्य द्यावापृथिवी न धन्व
नान्तरिक्षं नाद्रयः सोमो अक्षाः।
यदस्य मन्युरधिनीयमानः
शृणाति वीलु रुजति स्थिराणि ।।

(३) द्वितीय समुल्लास में द्विज अपने सन्तानों का उपनयन करके और शूद्रादि वर्ण उपनयन किये बिना विद्याभ्यास के लिए गुरुकुल भेज दें यह ऋषिवर का मत नहीं है। यह बात तृतीय समुल्लास से भी प्रगट होती है। सुश्रुत सूत्रस्थान का उद्धरण देकर स्पष्ट कर दिया, फिर आगे स्वपक्ष प्रतिपादित है "जब सब वर्णों में विद्या सुशिक्षा होती है तब कोई भी पाखण्डरूप अधर्मयुक्त मिथ्या व्यवहार को नहीं चला सकता।" आगे यजुर्वेद (२६।२) के अनुरूप आदेश है "जैसे परमात्मा ने पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, चन्द्र, सूर्य, और अन्नादि पदार्थ सब के लिये बनाये हैं वैसे ही वेद भी सब के लिए प्रकाशित किये हैं।" इत्यादि।

वेद में आदेश

चार वर्ण वेदानुसार ईश्वरकृत विभाग हैं। यही विभाग प्राकृतिक हैं। वेद मानो या न मानो आचरण में सदा सर्वदा यही वर्ण होंगे। विद्या, विज्ञान के अध्येता और प्रचारक; प्रभुत्व में भागीदारी जो दण्ड द्वारा शान्ति और नियमन स्थापित करें अर्थ लाभ, और वितरणादि करने वाले धनबल; जनबल समाज सेवी। ऋग्वेद (१०।६०।१०-११) यजुर्वेद (३१–१०–११) अथर्ववेद (१६।६।५–६) तथा यजुर्वेद (२८–३०) मनु. (१०।१४) और शतपथ ब्राह्मण (२।१।४।१३), (५।५।४।५) ने चार ही वर्ण बताये हैं पांचवें का निषेध स्वयं हो गया। **बिना तपस्वी शूद्र के** संसार चल ही नहीं सकता (शतपथ ब्राह्मण १४।४।२।२५) **शौद्रं वर्ण असृणत पूषणमियं।**

स्वामी वेदानन्द जी, जगदेवसिंह सिद्धांती, भगवद्दत्त जीबी० ए०

२०१६ वि० में स्वामी वेदानन्द जी ने २०१८ वि० में सिद्धान्ती जी तथा २०२६ में भगवद्दत्त जी के सत्यार्थप्रकाश सटिप्पण संस्करण निकले। श्री स्वामी जी महाराज ने अपनी टिप्पणी में निष्कर्ष

ने वाक्यांश उद्धृत किये हैं और हवाला दिया है, वह सन् १८७५ में सर्व प्रथम छपा था। वह सत्यार्थप्रकाश अब उपलब्ध नहीं है और श्री शर्मा जी को भी नहीं मिला है, उन्हें ऋषि दयानन्द जी के विरोधी किसी व्यक्ति द्वारा लिखित 'भावचित्रावलि' मिली है, उसके २८ पृष्ठ पर लिखे पाठ को श्री शर्मा जी ने उद्धृत किया है। अतः हम यह नहीं कह सकते कि उस सत्यार्थ-प्रकाश में किस प्रकार की रचना है, हो सकता है भावचित्रावलि का लेखक भी श्री शर्मा जी के समान ही साधारण हिन्दी भी न समझ सका हो अथवा छपते-छपते किसी मांस भक्षी ने अपनी लीला कर दी हो। दूसरी बात यह है कि सत्यार्थ-प्रकाश का दूसरा संस्करण सन् १८८४ में छपा उसकी भूमिका में ऋषि दयानन्द ने स्पष्ट लिखा है हां-जो छपने में कहीं कहीं भूल रही थी वह निकाल' शोध कर ठीक करदी गई है।

इन शब्दों से प्रथम प्रकाशित सत्यार्थप्रकाश का कोई महत्व नहीं रहता। आश्चर्य यह है कि आज तक सत्यार्थप्रकाश के अनेक संस्करण निकल चुके हैं शर्मा जी को उनमें से कोई नहीं मिला। उन्हें उनकी वनाई 'गोकरुणानिधि' पुस्तक भी नहीं मिली। उन्हें यजुर्वेद के १३ वें अध्याय में आये ४७ से ५१ तक मन्त्रों का भाष्य भी उनका देखने को नहीं मिला। मन में कोई अच्छी भावना होती, तो देखते। वे तो वेदों पर लांछन लगाकर हिन्दुवों को उनके धर्म ग्रन्थों से विमुख करना चाहते हैं। हम दोबारा फिर कहते हैं कि यदि श्री सुरेन्द्रकुमार शर्मा महर्षि दयानन्द के ग्रन्थों में से 'गोहत्या की जानी वैध है' निकाल कर दिखा दें, तो वे एक हजार रुपये से पुरुस्कृत किये जावेंगे।

श्री शर्मा जी को चाहिये कि यजुर्वेद के ३१ वें अध्याय के कतिपय मन्त्रों का जो उन्होंने नरबलि दिये जाने में उल्लेख किया है, ऋषि दयानन्द द्वारा किये गये अर्थों को देखें, जिस से वे जनता के पथ-प्रदर्शक बन सकें। यदि किन्हीं टीकाकारों ने अर्थो का अनर्थ किया है, तो यह मन्त्र का दोष नहीं है, व्याख्याकार का दोष है। जैसा कि निरुक्त लिखता है।

'नैष स्थाणोरपराधो यदेनमन्धो न पश्यति' यह खम्बे का दोष नहीं है, जो उसे अन्धा नहीं देख पा रहा है (निरुक्त १-५-१६)।

शर्मा जी की एक भ्रान्ति हम और निकाल देना चाहते हैं। मांस वा सुरा शब्द वेद में कहीं आया देखकर उन्हें भयभीत नहीं होना चाहिये, और मांस प्रयुक्त शब्द सेवन किये जाने की ओर ही इंगित कर रहा है, यह एकदम मन से निकाल देना चाहिये। शरीर है, तो उसके अवयव मांस आदि का उल्लेख भी आयेगा ही। देखना यह होगा कि यह शब्द किस लिये प्रयुक्त हुवा है। वैसे वेदों में दृष्टिगोचर होने वाले लौकिक शब्द, लौकिक अर्थो के बोधक नहीं होते. यौगिक प्रक्रिया से उनके अनेक अर्थ हो जाते हैं जैसे-मन्यते ज्ञायते अनेन तन्मांसम् मनेर्दीघश्च। (देखिये उणादिकोष ३-६४) जिन पदार्थों के भक्षण से बुद्धि स्वच्छ वा ज्ञान वृद्धि हो, वह मांस है, जैसे बादाम, छुहारा, पिस्ता, दूध, मलाई दही आदि। वृक्ष आदि का गूदा भी मांस कहलाता है। 'मासं माननं वा मानसं वा मनो अस्मिन् सीदतीति वा' इस निर्वचन से मांस का अर्थ ज्ञान का साधन चित्त अथवा मन जिसमें प्रसन्न हो, है। बादाम छुहारे, लौंग, इत्यादि सब इसके अन्तर्गत आ जाते है। (देखिये क्षेमकरण भाष्य अथर्व ६-७०-१) सुरा के लिये भी वही स्थल द्रष्टव्य है। अपूपों (मालपूओं) व मांस वाले चरु को

वेदी पर लाओ। चरु जो विशेष आहुति के लिये बनाया जाता है, वह बादाम, छुहारा, किशमिश, इलायची, पिस्ता, घी, मीठे वाला हो, यह अभिप्रेत है। एक ओर तो मालपूए जैसी सुगन्धित सुन्दर वस्तु और दूसरी ओर शर्मा जी के कहे अनुसार लोक प्रसिद्ध मांस ये कैसे जचेंगे। इसकी पुष्टि में देखिये बृहदारण्यकोपनिषद् ६-४-१८ स्वामी नारायण, शिवशंकर काव्यतीर्थ, आर्यमुनि-भाष्य गीता प्रेस गोरखपुर, सायणाचार्य अथर्ववेद १८-४-४२ अपूपवान् मांसवान् २० इति अन्नवान्, २१ इति च मन्त्रयोर्मासान्नदानं विहितम्। उपलक्षणमेतत्- क्षीरोदनदध्योदनतिलमिश्रधानादेः यह दूध, दही, चावल, तिल मिश्रित धानादि का उपलक्षण है। श्री शर्मा जी आश्चर्य में पड़ जावेंगे, जब निरुक्त में वृक्ष इस शब्द का अर्थ 'धनुष' किया जाना पावेंगे। (देखिये निरु० २-१-६) (गोपथ ब्राह्मण ३-१८) का संकेत कर श्री शर्मा जी ने पशु बलि दिये जाने का वर्णन किया है। इसके उत्तर में हमारा कहना है कि गोपथ ब्राह्मण अथर्ववेद से सम्बन्ध रखता है। अथर्ववेद कांड १० सूक्त ९ में इन्हीं सब अंगों का वर्णन है, जो गोपथ में है। सैकडों भोग्य पदार्थों को आर्द्र करने वाली गाय है, जिस का नाम शतौदना रक्खा गया है। १०-९-११,१२ में यह सर्वथा स्पष्ट है-घृतं प्रोक्षन्ती सुभगा देवी, देवान् गमिष्यति, पक्तारमघ्न्ये मा हिंसीः, दिवं प्रेहि शतौदने ॥ ये देवा दिविषदो अन्तरिक्षसदश्च ये ये चेमे भूम्यामधि। तेभ्यस्त्वं धुक्ष्व सर्वदा क्षीरं सर्पिरथोमधु ॥ पक्ता का अर्थ गौ को सर्वथा पुष्ट कर समृद्ध बनाना है, न कि हांड़ी में रख कर पकाना। जैसे सूर्य सभी वस्तुओं को पुष्ट करता है, वैसे यहां सभी लोग उस गौ की सेवा करने में कृत संकल्प है। गौ के प्रत्येक अंग को पुष्ट किया जाना आवश्यक है। अतः समझाने की दृष्टि से गोपथ ने पृथक्-पृथक् अंगों का अलग-अलग ऋत्विक के लिये विधान किया है। इससे यह भी ध्वनित होता है कि यदि गौ केश नख तक सर्वथा हृष्ट पुष्ट हो तो, अकेली ही बहुतों को घी, दूध से तृप्त कर सकती है। १३ से २४ मन्त्र तक मन्त्र का अन्तिम वाक्य १२ वार यहां आया है। आमिक्षां दुह्रतां दात्रे क्षीरं सर्पिरथो मधु। यहां गौ को चारा दाना देने वाले के लिये 'दात्रे' शब्द का प्रयोग आया है, उसके लिये दूध, दही आमिक्षा सब कुछ देने वाली गौ है। अब ऐसे सीधे से अर्थ में श्री शर्मा जी ने गोपथ ब्राह्मण का आशय भी नहीं समझा। हम मानते हैं कि श्री शर्मा जी को मांस से घृणा है, और एक ब्राह्मण को होनी भी चाहिये किन्तु उन्हें यह तो सोचना चाहिये कि जब मैं ही हत्या किये जाने का पक्षपाती नहीं हूं, तब मेरे पूर्वज कैसे हो सकेंगे? उस समय संस्कृत राष्ट्र भाषा थी, अब नहीं है। भाषा में भी कालक्रम से अन्तर आता है, ऐसी स्थिति में हम संस्कृत के अल्पज्ञ क्या उनके भावो को समझ सकेंगे। अतः एकदम पूर्वापर पर विचार किये बिना उलट लेख लिख कर हिन्दू जनता को गुमराह करना उनके लिये शोभनीय नहीं है।

श्री शर्मा जी शतपथ (३-१-२-२१) का हवाला देते हुए लिखते हैं-पुरोहितों के इस पारस्परिक विवाद पर कि मांस बैल का खाना चाहिये कि गाय का? याज्ञवल्क्य निर्णय देते हैं-दोनों में से जो नरम हो वह खा लेना चाहिये। शर्मा जी की इन पंक्तियों को दृष्टिगत रखते हुवे शतपथ में से हमारे द्वारा उद्धृत किये जाने वाला पाठ देखें और फिर श्री सायणाचार्य का। तब स्वयं निर्णय करें कि शर्मा जी किस दिमाग के आदमी

हैं। मूलपाठ इस प्रकार है–'स धेन्वै चानुडुहश्च नाश्नीयात् धेन्वनडुहौ वा इदं सर्वं विभृतस्ते देवा अब्रुवन् धेन्वनडुहौ वा इदं सर्वं विभृतो हन्त यदन्येषां वयसां वीर्यं तद्धेन्वनडुहयोर्दधामेति स यदन्येषां वयसां वीर्यमासीत्, तद् धेन्वनडुहयोरदधुस्तस्माद् धेनुश्चैवानड्वांश्च भूयिष्ठं भुंक्तस्तत् सर्वाश्यमिव यो धेन्व नडुहयोरश्नीयादन्तगतिरिव तं हाद्भुतमभिजनितोर्जायायै गर्भं निरवधीदिति पापमकदिति पापी कीर्तिस्तस्माद् धेन्वडुहयोर्नाश्नीयात्, तदु होवाच याज्ञवल्क्यो अश्नाम्येवाम्यहमंसलं चेद् भवतीति' इस उद्धृत पाठ में मांस शब्द कहीं नहीं आया और न ही कहीं विकल्पित वाक्य है कि गौ का या बैल का। और न कहीं नरम शब्द आया है। इस पर श्री सायणाचार्य जी का भाष्य भी हम उद्धृत कर देते हैं, जो कहते हैं कि यहीं विवाद यह चला है कि गौ का दूध घी और बैल द्वारा की गई खेती से उत्पन्न अन्न खाया जाय वा नहीं? सामान्यतया जो जगत् का उपकार किया करते हैं, उनकी वस्तु का लोग सेवन नहीं किया करते। याज्ञवल्क्य ने निर्णय दिया कि शरीर बलवान् होता है तो मैं गौ का दूध घी और बैल की कमाई खाता ही हूं और हम सब खावें। श्री सायणाचार्य के संस्कृत के शब्द इस प्रकार हैं–स धेन्ववेति। धेनोः क्षीरादिकम्, अनडुहः सम्बन्धि कर्षणसाध्यमित्यर्थः। तदुभयं नाश्नीयात्, धेन्वनडुहयोः सर्वजगदुपकारकत्वात् तदशनप्रतिषेध इत्यर्थः। एतदेवोपपादयति ते देवा इत्यादिना। अनयोः सर्वोपकारकत्वंविज्ञाय देवैः 'वयसाम्' अन्येषां च पशूनां वीर्यं सारमादाय धेन्वनडुहयोः स्थापितत्वात् तदश्नतः सर्वाशनं भवति। तस्य च जायायाः गर्भसम्भवेसति तत् सर्वाश्नं तं रेतोरूपेण परिणतं गर्भं हिंस्यात्। तत् पापकीर्तिः स्यात्। तदुभयोरन्नं नाश्नीयात्। तत्र याज्ञवल्क्यपक्षमाह–तदुहोवाचेति। चेदिति यस्मादर्थे। यस्मादुभयाशने शरीरम् अंसलं भवति। तस्मादश्नाम्यहं तयोरन्नमश्नीयामेवेत्यर्थः।

इसी तारतम्य में महर्षि याज्ञवल्क्य कुछ वचन और उद्धृत कर देते हैं–राजर्षि जनक ने महर्षि याज्ञवल्क्य से पूछा—याज्ञवल्क्य! क्या आप अग्निहोत्र जानते हैं? याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया हां, सम्राट्! जानता हूं। क्या है? यही दूध ही। यदि दूध न हो तो किस से यज्ञ करें? धान और जों से। धान और जों न हों तो। जो अन्य ओषधियां हैं उनसे। अन्य ओषधियां न हों तो किस से यज्ञ करें? जो जंगल की ओषधियां हैं उनसे। जंगल की भी न हों तो फिर किससे करें? वनस्पति (फूल जिसमें नल जैसे गूलर आदि) से। और यदि वनस्पति भी न हो तो किससे करें? जल से, जल भी न हो तो? तब श्रद्धा को अग्नि बनाकर सत्य की ही आहुति उसमें डालें (श्रद्धापूर्वक सत्य का पालन करें) देखें शत० ११–३–१–२।

यज्ञ किये जाने के इन प्रश्न और उत्तरों में कहीं भी तो मांस का जिक्र नहीं आया ऐसी स्थिति में महर्षियों पर मांस भक्षण वा यज्ञ में मांस डालने के दोष लगाना कैसी नीचता है।

नैरुक्त यास्क को तो शर्मा जी ने अकल के अन्धे तक कह दिया है, प्रतीत होता है, श्री शर्मा जी को संस्कृत वाङ्मय का किंचित् भी ज्ञान नही है, और लेखनी उठा बैठे ऐसे गम्भीर ग्रन्थों पर। जो व्यवहार एक साधारण व्यक्ति जानता है, शर्मा जी उससे भी शून्य हैं। एक डाक्टर बच्चे के फोड़े का वा अन्य रोगजनित शरीर भाग का आपरेशन करता है, अथवा ऐसी दवाई लगाता है, जो घाव आदि पर लगती है, बच्चे को कष्ट होता है, वह रोता है, बड़ों को भी

दु:ख होता है। अब यदि इसे हिंसा माना जावे तो क्या यह तर्कसंगत होगा ? अथवा सैनिक शत्रु से जूझ रहे हैं, दोनों ओर खूनखच्चर हो रहा है, देश के हित में क्या इसे हिंसा का नाम दिया जावेगा ? अथवा शर्मा जी के यहां चोरी हो जावे, तो क्या चोर को दण्ड दिलाने हेतु कोई कार्यवाही की जाना हिंसा होगी ? छात्रों को अध्यापक उनके सुधार हेतु दण्ड दे, मारे, पीटे, धमकाये, क्या यह हिंसा होगी ? बस, इस प्रकार की अनुभूतियों में जो मूर्ख लोगों को हिंसा दीखती है, किन्हीं ने ये वाक्य बना दिये हैं 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' वेद में कही हुई हिंसा हिंसा नहीं है। अब हम निरुक्त का वह स्थल भी उद्धृत कर देते हैं, जहां महर्षि यास्क के बजाय श्री शर्मा जी स्वयं ही अन्धे बन गये हैं 'औषधे । त्रायस्वैनम् (निरुक्त १-५-१५ यजु० ४-१) स्वधिते मैनं. हिंसी: (निरुक्त १-५-१५ यजु० ४-१) इत्याह हिंसन्। यह पूर्व पक्ष उपस्थित किया गया है, यास्क ने उत्तर दिया-आम्नाय वचनार्दाहसा प्रतीयेत। वेदवचन से यह हिंसा नहीं है।

वेद विरोधी वा जिज्ञासु ने प्रश्न किया है, यह कहते हुए कि वेद में कहा है इस की हिंसा मत कर और फिर हिंसा की जा रही है। पूर्वपक्षी को प्रसंग का पता था, अत: यास्क के एक ही वाक्य से वह तो अवाक् हो गया। जिन्हें पता नहीं है हम उनके लिये महर्षि दयानन्द का भाष्य उपस्थित करते हैं, जैसे सोम लता आदि ओषधि गण सब रोगों से रक्षा करता है, वैसे तू भी हम लोगों की रक्षा कर। रोग नाश करने में वज्र के समान होकर इस यजमान वा प्राणी मात्र को कभी मत मार। यहां यह दर्शाया गया है कि रोग निवारक दवाई दे, वह रोग को तो शमन करे, प्राण हरण न करे। यह अर्थ उपमालंकार से किया गया है, रोगी को औषधि दी ही जावेगी और सम्भवत पीड़ा भी अनुभव वह करे, किन्तु यदि उसका परिणाम उत्तम निकलता है, तो यह हिंसा नहीं कही जा सकती। और आज तक किसी ने इसे हिंसा माना भी नही है, यदि इसे हिंसा माना जावे, तो सब औषधालय बन्द हो जावें। न उस्तरे से किसी की हजामत बने। सब रोगी रहें, और केशधारी होकर जुवों से सिर खुजाते रहें। न कोई देश की रक्षा कर सके, सेना पुलिस सब कुछ रखनी होगी। अब ऐसी सीधी सी बातें भी यदि शर्मा जी को नहीं सूझतीं, तो उन्हें अब हम क्या कहें। यास्क ने वहीं इसी प्रसंग पर कह दिया है-'यह स्थाणु का अपराध नहीं है जो इसे अन्धा नहीं देख पाता है। यह पुरुष का ही अपराध है। वह ही पुरुष प्रशंसा का पात्र होता है, जो अनेक विद्याओं में पारंगत होता है। और यह पारगामिता विविध हस्त-क्रियाकौशल से आती है।

महीधर आदि यदि शास्त्रों के रहस्य को नहीं समझ पाये, और शर्मा जी की भांति अनर्गल लिख गये, तो वे सब महर्षि यास्क की इसी कसौटी के अन्तर्गत आ जाते हैं।

महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन

(Contribution of Dayananda to world philosophy)

तृतीय परिच्छेद

तत्त्व-मीमांसा

श्री प्रो. जयदेव वेदालंकार एम. ए. दर्शनविभाग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

अनादि सत्ता कितनी मानी जाये इस सम्बन्ध में दार्शनिकों में प्रारम्भ से लेकर आज तक मतभेद रहा है। महर्षि दयानन्द जी के अनुसार ऋषि प्रणीत षड् दर्शनों में तो इस सम्बन्ध में मतभेद नहीं रहा परन्तु उन के भाष्यकारों और मध्य-कालीन दार्शनिकों में यह विवाद पराकाष्ठा तक पहुंच गया। पश्चिमीय दार्शनिकों में भी यह मत-भेद न्यून नहीं है। भारत में तो यह विवाद इतना विस्तृत हुआ कि इन वादों के आधार पर अनेकों मतों की सृष्टि हो गई। एक गांव का रहने वाला भले ही उस वाद के गहन और सूक्ष्म तत्त्वों को न जान सके परन्तु वह झट कह देगा कि मैं अद्वैतवादी हूं या द्वैतवादी। अस्तु। महर्षि दयानन्द जी त्रैतवाद को मान्यता देते हैं। उन के अनुसार ईश्वर, जीव और प्रकृति ये तीनों पदार्थ नित्य हैं। प्रत्येक कार्य के लिए तीन प्रकार के कारणों की आवश्यकता होती है। इस प्रकार यह संसार एक कार्य है, घट की तरह। जैसे घट को बनाने के लिए कुम्भकार, को मिट्टी और चक्र आदि की आवश्यकता है इसी प्रकार संसार की रचना में भी तीन वस्तु कारण हैं। ईश्वर, जीव और प्रकृति। संसार के प्रत्येक पदार्थ में हमें तीन कारण स्पष्ट दिखाई देते हैं। जैसे घट में कुम्भकार निमित्त कारण, मिट्टी उपादान कारण और चक्र आदि साधारण निमित्त कारण हैं इसी प्रकार जगत् की रचना में ईश्वर निमित्त कारण, प्रकृति उपादान कारण और जीव साधारण निमित्त कारण है। यदि इन में से किसी भी कारण की न्यूनता हो जाये तो विश्व की रचना सम्भव नहीं है। जैसे यदि कुम्भकार के पास मिट्टी न हो तो वह घट का निर्माण नहीं कर सकता है, चक्र, गधा आदि न हो तो भी वह घट का निर्माण नहीं कर सकेगा और यदि कुम्भकार ही नहीं हो तो भी घट का निर्माण नहीं हो सकता है। इसी प्रकार यदि जीव न हो तब भी संसार नहीं बन सकता है। प्रकृति न हो तो भी जगत् की रचना सम्भव नहीं है। ब्रह्म न हो तो तब भी विश्व का बनना सम्भव नहीं है।

प्रश्न—त्रैतवाद आदि कुछ भी नहीं है अपितु सर्वत्र हमें तो क्षणिकता ही दिखलाई देती है। स्थायी सत्ता तो है ही नहीं अपितु जो भी सत् दिखाई देता है वह सब क्षणिक है।[1] जैसे मेघ को आकाश में देखते हैं, कुछ क्षण बाद वह नहीं रहता इसी प्रकार प्रत्येक पदार्थ क्षणिक है क्या जीव और संसार के दूसरे पदार्थ। हमें एक नियम दिखाई देता है कि व्यापक का निष्कासन करने से व्याप्य का भी निष्कासन हो जाता है। अर्थात् व्यापक में नहीं रहने वाली वस्तु व्याप्य में भी नहीं रहती है इसी नियम के आधार पर व्यापक पदार्थ से क्रम और अक्रम का निष्कासन अथवा व्यावृत्ति करने पर, क्षणिक होने वाली वस्तुओं का भी निष्कासन हो जाता है। अभिप्राय: यह है कि व्यापक से किसी को अलग करना, व्याप्य से उसे अलग कर देना है। व्यापक से क्रम-अक्रम को पृथक् करने से, जिससे स्वभावतः

---

1 "यत् सत् क्षणकम्" यथा जलधरपटलम्।
(सर्व दर्शन० बौद्धदर्शन प्रकरण)।

अक्षणिक वस्तुओं से सत्ता पृथक् करने से, जिससे स्वभावतः अक्षणिक वस्तुओं से सत्ता पृथक् हो जाती है। क्षणिक सत् है ये सिद्ध हो जाता है। क्योंकि अक्षणिक से सत् व्यावृत्त होता है। असत् क्षणिक की सत्ता सिद्ध होती है।१ क्रम तथा अक्रम के बीच तीसरा विकल्प भी सम्भव नहीं है। क्योंकि क्रम और अक्रम परस्पर विरोधी हैं, दोनों के बीच में तीसरा विकल्प सम्भव ही नहीं है जो अर्थक्रिया कारित्व को व्याप्त कर सके। किसी भी वस्तु की सत्ता या क्रमिक होगी अर्थात् आगे पीछे कर के या अक्रमिक अर्थात् एक साथ। अतः जो अर्थमूल क्रिया की शक्ति है वह क्षणिक में ही निहित है। इस से यह स्पष्ट हो गया कि यदि सत्ता कोई स्थायी होती तो क्रम और अक्रम नहीं होता क्योंकि स्थायी होने पर क्रम और अक्रम का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। अतः अस्थायी पदार्थों में ही क्रम और अक्रम हो सकते हैं। जैसे एक सौ वर्ष पुराना वस्त्र, जो इस समय हमें जीर्ण-शीर्ण दिखाई दे रहा है, क्या वह इस अवस्था में आज ही आया है? यह नहीं अपितु उस में सौ वर्ष से प्रत्येक क्षण में परिवर्तन हो रहा था। यहां एक बात और द्रष्टव्य है कि स्थायी पदार्थ में अर्थक्रियास्तित्व भी नहीं हो सकती है, क्योंकि यदि स्थायी कारण बन कर अपनी सत्ता के बाद नाश के अनन्तर कार्य उत्पन्न करे तभी यह सम्भव है परन्तु यह सम्भव नहीं है। यदि स्थायी है तो फिर नाश कैसे। अतः अर्थक्रिया की स्थायी पदार्थ से पृथक् करके स्वयं भी क्रम और अक्रम स्थायी से पृथक् रहते हैं, जिस से केवल क्षणिक वस्तुओं की ही सत्ता सिद्ध होती है।

एक बीज के दृष्टान्त द्वारा यह बात सहज ही समझ में आ जाती है। यदि बीज एक क्षण से अधिक स्थायी रहता है इस के प्रतिक्षण क्षण में कार्योत्पादन की शक्ति भी अवश्य रहनी चाहिये। क्योंकि ऐसा नहीं हो सकता कि किसी की सत्ता भी रहे किन्तु उस में कार्योत्पादन की शक्ति न हो अतः सत्ता के लिए क्रिया कारित्व आवश्यक है। जैसे बन्द बोरे में बीज क्यों नहीं पौदा उत्पन्न करता है। यहां पर यदि कोई यह कहे कि वहां पर जल मिट्टी आदि सहकारी कारण उत्पन्न होते हैं तभी वह शक्ति कार्य को उत्पन्न करती है। अतः बीज एक है। यह कहना भी उचित नहीं है क्योंकि बीज के पूर्व रूप से अर्थात् जब उस में मिट्टी जल आदि का संयोग नहीं रहता, पौधे की उत्पत्ति नहीं होती है उसके पररूपसे अर्थात् जब उस में मिट्टी जल आदि से कुछ परिवर्तन आता है तभी उसमें पौधे की उत्पत्ति होती है। अतः बीज दोनों अवस्थाओं में एक सा नहीं रहता वरन् उस में परिवर्तन हो जाता है। बस यह परिवर्तन शीलता एक बीज में ही नहीं अपितु समस्त संसार में है क्योंकि किसी भी वस्तु से प्रतिक्षण एक ही प्रकार की सम्भावना नहीं रहती है। इसी प्रकार आत्मा भी क्षणिक होगा क्योंकि प्रतीत्य समुत्पाद के कारण परिवर्तनशील दृष्ट धर्मों के अतिरिक्त किसी अदृष्ट स्थायी द्रव्य को नहीं माना जा सकता है। अतः स्थिर आत्मा को भी नहीं माना जा सकता है।

इस प्रकार बौद्धों के इस क्षणिकवाद को ही मानना चाहिये क्योंकि कहा भी है बौद्धों का भगवान् बुद्ध ही पूजने योग्य है। जो जगत् को क्षण-

---

१ व्यापक व्यावृत्त्या व्याप्य० व्यावृत्तिरिति न्याप्येन व्यापक क्रमाक्रमवृत्तौ अक्षणिकात् सत्त्वव्यावृत्तेः सिद्धत्वाच्च। तच्चार्थक्रियाकारित्वं क्रमाक्रमाभ्यां व्याप्तं। न च क्रमाक्रमाभ्यामन्यः प्रकारः सम्भवति।
(सर्वदर्शन स० क्षणिक प्रकरण)

१ "बोद्धानां सुगतो देवो विश्वं च क्षण भंगुरम्" (विवेकविलास अष्टम विलास २६वां श्लोक, सत्यार्थप्रकाश द्वादश समुल्लास-पूर्वपक्ष)।

भंगुर मानते हैं ? अतः क्षणिकवाद ही सिद्ध होता है न कि त्रैतवाद ।

उत्तर—यह क्षणिकवाद सर्वथा अनुचित है क्योंकि यदि क्षणिकवाद को माना जाये तो स्मरण नहीं बनेगा । हम देखते हैं कि कल या उस से पूर्व की घटना का हमें स्मरण हो जाता है । क्योंकि क्षणिकवाद के अनुसार तो हम कल थे आज नहीं हैं । अतः मैं कहता हूं कि यह वही देवदत्त है जो मैंने आज से पांच वर्ष पूर्व लवपुर में देखा था । यह व्यवहार कैसे होता है ।१ जो पहिले जलधर आदि के दृष्टान्त दिये हैं सो भी ठीक नहीं क्योंकि बौद्धों के अनुसार जो क्षणिकत्व है वह कहीं भी दिखलाई नहीं पड़ता है । बादल को हम जब देखते हैं तो स्थायी ही दिखाई देता है न कि क्षण-क्षण में बदला हुआ सा । क्योंकि बौद्धों के यहां क्षण का अभिप्रायः एक क्षण है न कि नैयायिकों के तीन क्षण नहीं हैं । बौद्धों का जो क्षण है उसे हम आंक नहीं सकते हैं जब हमारा दृष्टान्त ही अशुद्ध है तो अनुभव कैसे होगा ?

कपास के बीज अवयवों में भी जो कार्य से सम्बद्ध होने योग्य हैं उस में लाह के रस का सेचन होता है, उसी के फल निकलने तक सम्बन्ध होते होते लाली आ जाती है । परम्परा से कुछ होगा ही नहीं । क्योंकि यह कैसे हो कि संस्कार कहीं और हो उस का फल कहीं दूसरी जगह । यह कैसे सम्भव है ? कारण वाली आत्मा में कर्म हो और कार्य आत्मा उस के फल का उपभोग । अतः क्षणिक वाद का सिद्धान्त बिल्कुल ही नहीं बनता है । सन्तान और परम्परा का जब तक मान्य नहीं किया जा सकता जब तक इसे परस्पर मिलाने वाली वस्तु न हो अर्थात् सन्तानों को संयुक्त करने वाला न हो । अतः उन सन्तानों में एक ही व्यक्ति सिद्ध होता है ।१ यदि क्षणिकवाद को माना जाये तो अध्यापक व शिष्य में अध्ययन अध्यापन भी सम्भव नहीं । इस में एक दोष तो यह है कि दूसरे क्षण शिष्य और अध्यापक ही नहीं रहेंगे । दूसरे अति-प्रसंग दोष आयेगा । इसी प्रकार किये गये कर्म का नाश तथा न किये गये कर्म को फल प्राप्त हो जायेगा । जो अध्यापक और शिष्य के उदाहरण से स्पष्ट है । एक दोष तो यह होगा कि किये गये कर्म का नाश दूसरा नहीं किये गये कर्म का फल भोगना, तीसरा विश्व का विनाश चौथा मोक्ष का विनाश हो जायेगा क्योंकि यदि आत्मा क्षणिक है तो मृत्यु के अनन्तर सुखी होने के लिए भी प्रयत्न नहीं करेगा । स्मृति भंग दोष भी आ जायेगा जिस का वर्णन हम पूर्व ही कर आये हैं ।२

अहो ! कितना आश्चर्य है कि बौद्ध लोग एक ओर तो आत्मा को क्षणिक मानते हैं दूसरी ओर स्वर्ग की प्राप्ति के लिए चैतन्य की पूजा भी करते हैं, सभी संस्कार क्षणिक हैं, दूसरी ओर

---

१ "जो विश्व क्षण भंगुर हो तो चिरदृष्ट पदार्थ का यह वही है" ऐसा स्मरण नहीं होना चाहिये । जो क्षण भंगेर तो वह पदार्थ ही नहीं रहता पुनः स्मरण किस का होवे जो क्षणिकवाद ही बौद्धों का मार्ग है तो इन का मोक्ष भी क्षण-भंग होगा :. . . . (सत्यार्थप्रकाश १२ समु-ल्लास प्रकरण बौद्ध खण्डन) ।

---

१ सजातीयाः क्रमोत्पन्नाः प्रत्यसन्नाः परस्परम् ।
व्यक्तयस्तासु सन्तानः स चैक इति गीयते ।।
(सर्वदर्शन स० जैनदर्शन)

२ कृतप्रणाशाकृतकमभोग - भवप्रमोक्षस्मृतिभंग-दोषान् ।
उपेक्ष्य साक्षात्क्षणभंगमिच्छन्नहो महासाह-सिकः परोऽसौ ।। (वी.स्तु०१८) ।

हजारों वर्षों तक रहने वाले विहारों का निर्माण हो रहा है। एक ओर सब कुछ शून्य है दूसरी ओर गुरू को धन देने का आदेश भी मिल रहा है। देखो इन का सैद्धान्तिक पक्ष कैसा और व्यवहार कैसा है? यदि क्षणिकवाद को माना जाये तो ज्ञान के समय ज्ञेय पदार्थ की सत्ता नहीं रहेगी। ठीक इसी प्रकार ज्ञेय पदार्थ के समय ज्ञान की सत्ता नहीं रहेगी। ज्ञेय पदार्थ कारण है और ज्ञान कार्य है, पहले ज्ञेय हो तब ज्ञान, दोनों एक क्षणिकवाद के अनुसार रह ही नहीं सकते क्योंकि पूर्वापर के क्रम से होते हैं। अतः इसी प्रकार न कोई ग्राहक रहेगा न कोई ग्राह्य। इस प्रकार यह क्षणिकवाद सिद्ध नहीं हो सकता है।

प्रश्न—क्षणिक पदार्थ ज्ञान पर अपने आकार की छाप छोड़ेगा।

उत्तर—यह कहना ही उचित नहीं है क्योंकि जिस पर छाप छोड़ेगा वह है ही नहीं। अतः ग्राह्य नहीं रहेगा।

प्रश्न—यदि क्षणिकवाद का खण्डन हो गया तो शून्यवाद तो ठीक ही है क्योंकि संसार का मूल कारण शून्य ही है। पूर्व भी शून्य था, आगे भी शून्य बन जायेगा। हम देख सकते हैं कि एक का अस्तित्व दूसरे पर आश्रित है। अभिप्राय यह है ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान, ये एक दूसरे पर आश्रित होते हैं। यदि इन में से एक असत्य होगा तो शेष दोनों भी असत्य ही होंगे जब हम किसी रज्जु को सर्प समझते हैं तो वहां सर्प का अस्तित्व बिल्कुल असत्य है। यदि सर्प ही असत्य है तो ज्ञाता और ज्ञान भी असत्य है। अतः इस उदाहरण द्वारा यह प्रतीत होता स्वप्न जगत् की तरह ज्ञाता, और ज्ञेय सभी असत्य हैं। इस प्रकार हम इस निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं कि आभ्यान्तर या बाह्य किसी भी प्रकार की सत्ता नहीं है। सब कुछ शून्य ही है। शून्य का अर्थ सत्, असत्, सदसत् और असन्तासत् से विलक्षण किया जाता है, जो अनिवर्चनीय है। व्यवहारिक वस्तुएं सभी असत् या शून्य हैं। किन्तु उन की पृष्ठ भूमि में ऐसी सत्ता है जो अनौप्पधिक और अविकृत हैं? कुछ इन के ही दार्शनिक बाह्य वस्तुओं को शून्य मानते हैं परन्तु चित्त जो सभी पदार्थों का बतलाने वाला है उस को शून्य नहीं मानते हैं। उन का कहना है कि मानसिक धारणायें ही बाह्यपदार्थों के रूप में भ्रमवत् दृष्टिगोचर होती हैं। अर्थात् विषय नहीं हैं अपितु विषयी ही अपनी तत् सम्बन्धी धारणाओं को आरोपित करता है। पाश्चात्य दर्शन में बर्कले भी बाह्य पदार्थों को असत् मानता है। बर्कले का कहना है कि चेतन्याशून्य जड़ पदार्थों का अस्तित्व ही नहीं है।[2] इस के अनुसार सत्ता अनुभव मूलक हैं।[3] इस का विशेष ज्ञानमीमांसा के प्रकरण में देखा जा सकता है।

उत्तर—यह शून्यवादभी समीचीन नहीं है क्योंकि बाहर के पदार्थ में सत् अर्थात् वे अपनी सत्ता रखते हैं और अन्य मन चेतन आदि भी अपनी सत्ता रखते हैं। संसार स्पष्ट रूप से हमें दिखलाई पड़ता है। जगत् की सभी वस्तुएं अपनी अपनी सत्ता रखती हैं। उनमें शून्यता का भाव लेशमात्र भी नहीं है। हम देखते हैं कि कार्य कारण का नियम काम कर रहा है। इस नियम के अनुसार

---

१. नास्त्यात्मा फलभोगमात्रमथ च स्वर्गाय चैत्यार्चनं, संस्काराः क्षणिकाः युगस्थितिभृतश्चैविहाराः कृता। सर्वं शून्यमिदं वसूनि गुरवे देहीति चादिश्यते, बौद्धानां चरितं किमन्यदियतो दम्भस्य भूमि परा।

(न्यायमञ्जरी पृष्ठ ३९)।

2 Unthinking matter does not exist.

3 Esse of est Percetpi.

सत् कारण से सत् कार्य की उत्पत्ति होती है। असत् कारण से कोई भी सत्ताधारी कार्य उत्पन्न नहीं हो सकता है। कहो कि असत् सर्प से सर्प सत् सर्प की उत्पत्ति देखी जाती है सो यह ठीक नहीं क्योंकि वहां उस प्रतीति काल अर्थात् हमें जब तक यह पता नहीं चलता कि यह सर्प नहीं अपितु रस्सी है तब तक सत् कारण से सत् कार्य की ही उत्पत्ति होती है। यदि कहो कि भ्रान्ति दूर होने पर तो नहीं, परन्तु यह आप का उदाहरण भी तो भ्रम स्थल का ही है। जाग्रत और भ्रम रहित स्थल के दृष्टान्त सब सत् कारण से सत् कार्य की उत्पत्ति वाले हैं। हमें तो यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि जो गुण कारण में हैं वे गुण कार्य में भी किसी न किसी रूप में स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। उदाहरण के रूप में तिल से ही तेल की उत्पत्ति होती है बालू की रेत से नहीं। असत् से सत् की उत्पत्ति कदापि नहीं हो सकती जिस प्रकार मनुष्य के सींग असत् हैं उसी प्रकार असत् से सत् की उत्पत्ति भी नहीं हो सकती है।१ इसी प्रकार जब सब शून्य ही हैं तो ये गगनचुम्बी पर्वत मालायें, ये शान्त और गम्भीर समुद्र, गहरी खाइयां और यह विचित्र जगत् कैसे उत्पन्न हो सकता है? शून्यवादी से पूछना चाहिये कि जिस शून्य पर तुम विचार कर रहे हो, वह तुम विचार कर्त्ता तो शून्य नहीं हो सकते। फिर शून्य कहां रहा।२ इस प्रकार एक तो शून्य दूसरा उसका ज्ञाता, अतः ज्ञाता और ज्ञेय अपने आप सिद्ध हो जाते हैं। जब ये दोनों सिद्ध हो गये तो ज्ञान अपने आप सिद्ध हो जाता है। जो योगाचार

---

१. नासतः ख्यानं नृश्रृङ्गवत्"

२. शून्य आकाश, अदृश्य और बिन्दु को भी कहते हैं........। शून्य का जानने वाला शून्य कभी नहीं होता है। (सत्यार्थप्रकाश समुल्लास आठ, प्रकरण नास्तिक –)

आदि बाह्य शून्य त्व को मानते हैं सो भी ठीक नहीं क्योंकि जैसे बाहर पहाड़ हैं, वे अन्दर किस प्रकार हो सकते हैं? यदि आप माने तो भी उतना स्थान हृदय में नहीं हो सकता है।१ यही मानना समीचीन है कि पर्वत की सत्ता बाहर है उस का ज्ञान आत्मा में है।२

इसी प्रकार जो लोग पदार्थ को प्रत्यक्ष नहीं मानते हैं उनका अपना वचन भी अनुमेय ही मानना होगा। हम जो यह प्रयोग करते हैं "यह घड़ा" अथवा यह घड़े का एक देश इस इन सब का प्रयोग भी नहीं बन सकता है। "यह घड़ा" ये अनुमान से नहीं परन्तु प्रत्यक्ष से ही जाना जाता है क्यों सब अवयवों में एक अवयवी रहता है, उस के प्रत्यक्ष होने से घट के सब अवयव भी प्रत्यक्ष होते हैं इस प्रकार सावयव घट प्रत्यक्ष होता है ३

शून्यवादी जो कहता है कि ज्ञाता, ज्ञेय और तीनों ही शून्य है इसका खण्डन हो गया। शून्यवाद द्वारा संसार की रचना सम्भव नहीं है। अतः त्रैतवाद द्वारा इस समस्या का समाधान हो सकता है। क्योंकि कारण तीन ही होते हैं।

प्रश्न—अनैकान्तवाद के द्वारा इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। हमें छोड़ कर सभी लोग एकान्तवादी हैं। किसी वस्तु का ज्ञान

---

१. जो सब शून्य हो तो शून्य का जानने वाला शून्य नहीं हो सकता और जो सब शून्य हो तो शून्य को शून्य नहीं जान सके। इसलिए शून्य का ज्ञाता और ज्ञेय दो प्रकार सिद्ध होते हैं। और जो योगाचार बाह्य शून्यत्व मानता है तो पर्वत इस के भीतर होना चाहिये ... अवकाश कहा। (स०प्रकाश अष्टम् समु०)।

२. इसलिये बाहर पर्वत और पर्वत-ज्ञान आत्मा में रहता है। (स० प्र० स० १२)

३. देखो स० प्र०, बौद्ध प्रकरण।

हमें पूरा नहीं हो सकता है। उस के जानने के कई पक्ष होते हैं। उन सब पक्षों को एक साथ जानना बड़ा ही दुष्कर है। साधारण ज्ञान से हम उन्हें नहीं ज्ञान सकते हैं। हम किसी पक्ष विशिष्ठ को ही जान सकते हैं, वहीं तक उस की सत्यता भी माननी चाहिये सर्वतोभावेन सत्य नहीं है।१

सभी दार्शनिक ज्ञान की इस सीमा का ध्यान नहीं रखते हैं कि अल्पज्ञ जीव किसी वस्तु के सभी पक्षों को कैसे जान सकता है? जैसे हम कहते हैं कि "घड़ा है" यह एक पक्ष से देश काल पात्र गुण आदि का विचार कर के हम घड़े की सत्ता मानते हैं। इस में नहीं पक्ष भी है। जैसे उस देश काल आदि की दृष्टि से नहीं है। अतः यही सिद्ध सिद्धान्त है कि अनैकान्तवाद अर्थात् स्याद्वाद मानना उत्तम है। किसी भी वस्तु की सत्ता या दूसरी बात के कहने में हमें (शायद शब्द का प्रयोग करना चाहिये। जैसे हम कहते हैं कि काला कपड़ा यहां उस में श्वेतपना नहीं है। अतः सम्भावना का प्रयोग करना ही सर्वथा उचित है। वास्तव में और सभी दार्शनिक अपने अपने दर्शनों के सिद्धान्तों को ऐसे ही वर्णन करने के समान हैं जैसे किसी ने कहा है कि कुछ अन्धे थे वे हाथी को छू कर देख रहे थे। एक ने कहा हाथी तो स्तम्भ के समान है, दूसरे ने कहा छाज के समान तीसरे ने दीवार के समान, सभी ने जैसा २ छूआ वैसा कहा। अतः वे सभी अधुरे हैं। सभी का बताया हुआ हाथी सम्पूर्ण हाथी है। किसी एक का नहीं। हमारा सप्तभंगी न्याय सब को मानना चाहिये। प्रत्येक वस्तु स्यात् है,१ स्यात् नहीं है,२ स्यात् है और नहीं भी है, ३ स्यात् अवक्तव्य है,४ स्यात् है और अवक्तव्य भी है५ स्यात् नहीं है अवक्तव्य भी है६ और स्यात् है, नहीं है, अवक्तव्य भी है७। सब के समुच्चय से सात भंग कहलाता है।८ इस को हम दूसरी प्रकार कह सकते हैं कि जैसे जीव चेतन होने से है। उसमें जड़ आदि न होने से नहीं है। अर्थात् वह अभावरूप है। यह प्रथम भंग हुआ। जीव जड़ नहीं है यह दूसरा भंग। इसी प्रकार सातों भंग होते हैं। अतः चित् और अचित् ये दो परतत्त्व हैं।

उत्तर – किसी भी वस्तु में एक ही प्रकार की पारमार्थिक सत्ता हो सकती है। उस सत्ता के अन्दर असत्ता नहीं रह सकती है। परस्पर विरोधी धर्म एक ही वस्तु में नहीं हो सकते हैं। इस प्रकार जो पारमार्थिक सत्ता है उस में असत्ता आदि का समावेश किसी भी प्रकार नहीं हो सकता है। क्योंकि विकल्प क्रिया का तो हो सकता है परन्तु वस्तु का नहीं। वस्तुतः जैनियों का यह सिद्धान्त अन्योन्याभाव साधर्म्य और वैधर्म्य एक ही बात है, उस के समान है। हम यह देखते हैं कि जीव में अजीव और अजीव में जीव का अभाव होता है। जो जीव में चेतनत्व और अजीव में जड़त्व। एक ही धर्मी में एक सत् और असत् विरोधी धर्मो का समावेश नहीं हो सकता है। ये सात स्यात् है, स्यात् नहीं है, आदि सप्त भंग नय हैं ये ऐसे ही हैं जैसे शीतत्व और ऊष्णत्व एक ही समय एक ही वस्तु में एक ही स्थान पर रहें। वे

---

1. No Knhwledge is true in all its aspects (सर्वदर्शन संग्रह)

---

१. स्याद् – अस्ति, २. स्याद् नास्ति। ३. स्यात् अस्तिनास्ति च। ४. स्याद् – अवक्तयम्।
५. स्यात् अस्ति च अवक्तव्यं च, ६. स्याद् नास्ति च अवक्तव्य च ७. स्यात् अस्ति च नास्ति च अवक्तव्यं। च।

वैसे ही हैं या नहीं हैं। या और प्रकार से हैं, इस प्रकार से अनिश्चित ज्ञान संशय ज्ञान के समान अप्रमाण ही है। स्याद्वाद के मानने पर प्रत्येक वस्तु का लक्षण, स्वरूप अनिश्चित संशय ही रहेगा।१

हमने देखा कि युक्तियों और तर्कों के आधार पर भी अनैकान्तवाद टिक नहीं सकता है। यदि इस स्याद्वाद को माना जाये तो प्रत्येक व्यक्तित्व में प्रत्येक समय में संशय ही बना रहेगा। इनसे कोई पूछे कि क्या तीर्थंकर जब उपदेश देते थे उस समय भी ये इस स्यात् शब्द का प्रयोग करते हैं, कि यह उपदेश शायद ठीक है, शायद नहीं। यदि ये बुद्धि बनी रहेगी? मैं इस बतलाये गये अनुष्ठान आदि कर्मों में प्रवृत्त हूं या नहीं? स्यात् मोक्ष है स्यात् नहीं। भला बतलाइये यदि यह मान्यता हो तो कौन उधर प्रवृत्त होगा।

हम ऐसा भी नहीं कह सकते कि जिस प्रकार एक ही वस्तु का एक साथ छोटा और बड़ा दोनों रूप रह सकता है।२ उसी प्रकार संसार को अनैकान्त मान लें। अभिप्राय यह है कि जैसे द्व्यणुक में ह्रस्व और दीर्घत्व दोनों हैं उस प्रकार जगत् सत् और असत् है यह मानना ठीक नहीं है। द्व्यणुक का छोटा बड़ा होना सापेक्ष है किसी भिन्न प्रतियोगी की अपेक्षा रखता है — जैसे चतुरणुक और द्वयणुक। चतुरणुक की अपेक्षा वह छोटा है, द्वयणुक की अपेक्षा बड़ा है। परन्तु जगत् को सत् असत् मानने में यह बात नहीं घटती है। वहां प्रतियोगी नहीं जिसे मैं सत् असत् कह सकें। क्योंकि वहां किस की अपेक्षा से कहेंगे। ह्रस्वत्व और दीर्घत्व उतने विरोधी नहीं हैं जितने की सत् और असत्। निष्कर्ष यह निकला कि प्रमाणों के अभाव में परस्पर विरोधी सत् और असत् को एक ही वस्तु में, एक ही साथ स्थित कहना उचित नहीं है। इसी प्रकार अन्य भङ्गियों का खण्डन भी स्पष्ट रूप से हो जाता है। अब हमें यह भी विचारना चाहिये कि जो इन समस्त प्रपञ्चों की जड़ सप्तभंगीनय है, वह स्वयं एकान्त है या अनैकान्त यदि प्रथम विकल्प माना जाये 'सब कुछ अनैकान्त है, "इस प्रतिज्ञा का ही विरोध होता है। यदि यह निश्चित स्वरूप वाला है तो फिर किस तरह से सब चीजों को अनैकान्त मानेंगे। क्या सप्तभंगी नय सब के अन्तर्गत नहीं है? यदि दूसरा विकल्प मानते हैं तो इष्ट वस्तु की सिद्धि नहीं होगी। क्योंकि अनैकान्त हो जाने से सप्भंगी नय प्रामाणिक नहीं हो सकता।

अर्थात् किसी वस्तु को सिद्ध नहीं कर सकता। इस के अतिरिक्त इन के यहां तत्त्वों की संख्या नव या सात मानी गई है। इस प्रकार का निर्धारण करना फल है। और निर्धारण करने वाला प्रमाता है। उस के निर्धारण का साधन प्रमाण है और तत्त्व स्वयं प्रमेय है। यदि इन सबके स्वरूप निश्चित माने तो "सब कुछ अनैकान्त हैं कि प्रतिज्ञा कहां रही यदि इन का स्वरूप अनिश्चित है तो इतने बड़े प्रपञ्च की क्या आवश्यकता है? यह उपहासनीय वार्ता है कि इतने तत्त्व, प्रमाण, प्रमाता और फल आदि का वर्णन करके कहते हैं कि यह सब कुछ अनैकान्त है। अतः अनैकान्तवाद ही स्वयं अपनी जड़ें स्वयं खोद देता है।

प्रश्न—यह ठीक है कि अनेकान्तवाद से सृष्टि कैसे रची इस का कौन रचने वाला है? इस में कौन रहता है? इत्यादि समस्या का समाधान नहीं हो पाता, परन्तु अद्वैत वाद द्वारा इस का स्पष्ट समाधान हो जाता है। संसार में एक तत्त्व है जिस की

———————

१. "नैकस्मिन् सम्भवात्" (वेदान्त दर्शन २।२।३३

२. न चैकस्य ह्यस्वत्वदीर्घत्ववदनेकान्तत्वं जगतः स्यादिति वाच्यम्" ॥

सर्वदर्शन संग्रह रामानुज दर्शन।

पारमार्थिक सत्ता है। है, वह है ब्रह्म। इस अद्वैतवाद में सब से अधिक विशेषता यह है कि इस के अंगीकार करने के अनन्तर एक तत्त्व से ही सृष्टि रचना हो जाती है। अतः इस के स्वीकार करने के पश्चात् आप द्वारा मान्य तीन कारणों की भी आवश्यकता नहीं है केवल ब्रह्म इस संसार का अभिन्ननिमित्तोपादान कारण है। आप कहेंगे कि यह ठीक नहीं क्योंकि एक कारण से उत्पन्न वस्तु दिखाई देनी चाहिये। सो इस का उत्तर यह है कि क्या जब दूर से कुछ अन्धकार और प्रकाश में रस्सी में सर्प की उत्पत्ति हो जाती है। वहां पर केवल रस्सी सर्प का अभिन्मनिमित्त उपादान कारण है। यदि कहो कि वहां तो सर्प रस्सी में वस्तुतः नहीं अपितु आरोपित सर्प की उत्पत्ति होती है, तो इस में दोष क्या है? यह संसार भी ब्रह्म पर आरोपित है। अतः संसार मिथ्या है।

सत्ता में तीन प्रकार की होती हैं। एक वह जिस का तीनों कालों में बाध न हो[1] वह सत्। दूसर जिस का उत्तर काल में तो बाध हो जाये, परन्तु वर्तमान में हो उसे असत् तो नहीं कह सकते परन्तु वर्तमान काल में तो है इसे प्रातीतिक सत्ता कहते हैं। क्योंकि यदि संसार को सत् मान लिया जाये तो फिर यह तिरोहित कैसे हो जाता है? अतः संसार असत् तो नहीं 'परन्तु यह मिथ्या है। यदि संसार की तुलना हमें स्वप्न के पदार्थ या भ्रम से कर लेवें तो संसार आगे तिरोहित हो जाता है इसकी समस्या का समाधान हो जाता है। यह संसार और जीव मिथ्या है।

उत्तर–यह सिद्धान्त भी ठीक नहीं है। अच्छा बतलाओ तुम्हारे मत मे मिथ्या अथवा झूठा किसे कहते हैं।

पूर्वपक्ष-वस्तु की सत्ता तो न हो परन्तु केवल प्रतीत हो रही हो जैसे सर्प होता तो नहीं परन्तु रज्जु में उसकी प्रतीति हो रही होती है।

उत्तरपक्ष–जो वस्तु नहीं होती है उसकी प्रतीति भी असम्भव है। तुम्हारा ऊपर वाला उदाहरण भी ठीक नहीं क्योंकि सर्प वहां भले न हो परन्तु अन्यत्र तो होता ही है।

पूर्व०–क्यों नहीं अध्यास द्वारा, यह प्रतीति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इसके अनेकों उदाहरण हमें देखने में आते हैं।

उत्तर०अच्छा आप बतलाइये आप के मत में अध्यास कहते किसे हैं? पूर्व–किसी दूहरे पदार्थ में अन्य पदार्थ को आरोपित करना, अध्यास कहलाता है। जब हम अध्यारोप का निराकरण करते हैं तो वही अपवाद कहलाता है। ब्रह्म इन दोनों से पृथक् अर्थात् ब्रह्म प्रपञ्च से भिन्न है।

उत्तर०–यह आप का सिद्धान्त अनुचित है क्योंकि जो यह मानते हो कि सर्प वस्तु नहीं है। यदि यह कहो कि वह वहां तो नहीं है सो भी ठीक नहीं क्यों अन्यत्र सर्प के संस्कार हमारे हृदय में तो हैं। वास्तविक सर्प दूसरे स्थान पर है ही। इसी प्रकार रज्जु में सर्प, शुक्तिका में रजत और स्थाणु में पुरुष, इन स्थलों पर भी समझ लेना चाहिये।

पूर्व०—स्वप्न में हमें जो पदार्थ दिखाई देते हैं, वे तो सब झूठे ही हैं। उसी प्रकार इस जगत् को समझना चाहिये।

उत्तर०—स्वप्न में भी वे ही पदार्थ हमें दिखाई देते हैं जिन को जाग्रत अवस्था में देखा अथवा सुना है।

(क्रमशः)

---

१. त्रिकालाबाधितं सत्।

२. "वस्तुन्यवस्त्वारोपणमध्यासः" अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपञ्चं प्रपञ्च्यते।

कुलपति की डायरी

श्री धर्मवीर एम० ए०

१३ मई--आर्य विद्या सभा की बैठक दिल्ली में भाग लिया।

२० मई--आर्य समाज कटारपुर (जि० सहारनपुर) के वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता की।

२३ मई--गुरुकुल इन्टर साइन्स कालेज की मीटिंग में भाग लिया।

२५ से २८ मई--आर्यसमाज शताब्दी समारोह मेरठ में भाग लिया एवं शिक्षा-सम्मेलन में भाषण दिया।

३० मई--विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो० जैकब तथा उपाध्यक्ष प्रो० सतीशचन्द्र जी से दिल्ली में गुरुकुल की प्रगति के एवं भावी कार्य-क्रम के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया।

३१ मई--शिक्षा मंत्रालय एवं कृषि मंत्रालय के उच्चाधिकारियों से दिल्ली में गुरुकुल के सम्बन्ध में भेंट।